दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



गणपति के प्रसिद्ध मंदिर ........

सामाजिक सांस्कृतिक एकता ......

वर्ष : 11 अंक : 245 लखनऊ, 25 अगस्त, सोमवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

# अंतरिक्ष यात्रा से लौटे लखनऊ के शुभांशु शुक्ला का अभिनंदन करेंगे सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ में राजधानी के बेटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का नागरिक अभिनंदन करेंगे। शुभांशु शुक्ला हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सफल मिशन पूरा कर लौटे हैं और सोमवार को इस बड़ी सफलता के बाद पहली बार लखनऊ आ रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने देश के नायक के लखनऊ आगमन पर उनको सम्मानित करने का निर्णय लिया है। शुभांशु शुक्ला के नागरिक सम्मान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग कर रहा है।

## मिशन पूरा कर वापस लौटे हैं शुभांशु

लखनऊ में जन्मे शुभांशु भारतीय वायुसेना के अनुभवी पायलट हैं। वे एक्सिओम-4 मिशन में शामिल होकर पहले भारतीय बने जिन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर कदम रखा। मिशन के दौरान उन्होंने 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग किए और दुनिया भर के छात्रों से जुड़े। भारत लौटने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अंतरिक्ष से लाया हुआ तिरंगा और मिशन पैच भेंट किया था, जो पूरे देश के लिए भावुक क्षण था। अब इसी क्रम में सोमवार को शुभांशु लखनऊ पहुंच रहे हैं और योगी सरकार ने इस अवसर पर उनके सम्मान का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

## साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभांशु शुक्ला को उत्तर प्रदेश और पूरे भारत का गौरव बताया है। मिशन पूरा कर वापस धरती पर लौटने पर उन्होंने कहा था कि अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराना हर देशवासी के लिए गर्व का विषय है। आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है।

## भारत के लिए गौरव का क्षण: सीएम योगी

सीएम योगी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा था कि यह भारत के लिए गौरव का क्षण है। Axiom Mission 4 के मिशन पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की इस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में भागीदारी हमारे वैज्ञानिक उत्कर्ष और वैश्विक सहयोग के प्रति अटूट संकल्प को दशार्ती है। आगामी मिशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।जय हिंद।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर लोगों को बधाई दी और कहा कि इसकी शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। गुरु ग्रंथ साहिब सिखों की पवित्र पुस्तक है, जिन्हें समुदाय द्वारा जीवित गुरु के रूप में सम्मान दिया जाता है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शाश्वत शिक्षाएं दुनिया भर में जीवन को प्रकाशित करती रहती हैं और हमें करुणा, विनम्रता और सेवा के मूल्यों की याद दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि ये शिक्षाएं मानवता को एकता और सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सदैव श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी द्वारा दिखाए गए ज्ञान के मार्ग पर चलें और एक बेहतर ग्रह बनाने का प्रयास करें।

# राजनाथ और अमित शाह से मिले एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज थिरु सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। मुझे विश्वास है कि थिरु राधाकृष्णन जी एक असाधारण उपराष्ट्रपति बनेंगे और भारत के लोगों की एक सशक्त आवाज बने रहेंगे।

वहीं, अमित शाह ने लिखा कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन जी से मुलाकात की। वे एक अनुभवी नेता हैं जिनके पास व्यापक संगठनात्मक और प्रशासनिक अनुभव है। मुझे विश्वास है कि वे अपने व्यापक अनुभव के साथ भारत के राष्ट्रीय विमर्श में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। एक दिन पहले, शाह ने कहा था कि महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित करना तमिलनाडु के लिए गर्व की बात है और यह तमिल संस्कृति, भाषा और नेतृत्व के सम्मान के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

तिरुनेलवेली में बूथ समिति सदस्यों के सम्मेलन में बोलते हुए, शाह ने तमिल में सभा को संबोधित न कर पाने के लिए खेद व्यक्त किया और राधाकृष्णन को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं राज्य के लोगों को यह बताने आया हूँ कि उपराष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद, तमिलनाडु के बेटे सीपी राधाकृष्णन राज्यसभा के सभापति बनने जा रहे हैं। इससे पहले, एनडीए ने एपीजे अब्दुल कलाम जी को भी भारत का राष्ट्रपति बनाकर यह सम्मान दिया था। नरेंद्र मोदी जी ने हमेशा तमिलनाडु, तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को गौरवान्वित करने का काम किया है। बुधवार को, सीपी राधाकृष्णन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन, जो 31 जुलाई, 2024 से महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं, इससे पहले झारखंड, तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू के अस्पताल में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल जाकर किश्तवाड़ जिले में एक सुदूर गांव में अचानक आई बाढ़ में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंह के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी थे। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से यहां पहुंचने के बाद मंत्री सीधे जम्मू अस्पताल पहुंचे और वहां इलाज करा रहे 16 लोगों से मुलाकात की। गत 14 अगस्त को चिशोती गांव में बादल फटने से 65 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गये थे। तब से लापता 32 लोगों का अब तक पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को मचैल माता मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले अंतिम गांव चिशोती भी जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण यह दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सिंह अब दिल्ली लौटने से पहले राजभवन जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि डॉक्टरों की एक टीम ने मंत्री को अपने इलाज के बारे में जानकारी दी।

# प्रदेश में खाद की कमी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव का सरकार से सवाल, परेशान किसान को तो बता दें कहां है खाद

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अन्नदाता किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लाइनों में खड़े हैं, लेकिन खाद उपलब्ध नहीं है। सरकार सिर्फ कागजों पर दिखा रही है कि खाद पर्याप्त है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताएं अगर खाद है तो किसानों को क्यों नहीं मिल रही।

अखिलेश यादव ने कहा कि बिजनौर, लखीमपुर खीरी और चांदपुर में तेंदुआ और गुलदार किसानों पर हमला कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। किसानों की आय दोगुणा करने का दावा पूरी तरह झूठा साबित हुआ है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सपा की सरकार बनी तो किसानों और दिव्यांगों दोनों को सम्मान मिलेगा। उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में दिव्यांग छात्रों को न तो हास्टल मिल रहा है और न ही खाने की व्यवस्था है। प्रदेश में दिव्यांगों को सरकार से मिले उपकरण भी घटिया हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर दिव्यांगों को आरक्षण, सम्मान और रोजगार देने के साथ ग्राम पंचायत से लेकर नगर तक दुकानें आवंटित की जाएंगी और सभी को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने गुजरात के कच्छ में सीमा के निकट 15 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को बताया कि गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट 15 पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा गया है और इंजन से चलने वाली देसी नौका जब्त की गई है। बीएसएफ ने बताया कि राज्य के कच्छ क्षेत्र में कोरी क्रीक पर स्थित सीमा चौकी के निकट एक अज्ञात नाव मिलने की गुप्त सूचना मिलने के बाद शनिवार को तलाशी अभियान चलाया गया। बीएसएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा, आस-पास के इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया और इस दौरान 15 पाकिस्तानी मछुआरों को गिरफ्तार किया गया साथ ही एक नौका जब्त की गई।

### पश्चिम बंगाल में सात वर्ष का बच्चा तालाब में डूबा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुर्शिदाबाद , पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शनिवार को एक तालाब में नहाते समय सात साल का एक बच्चा डूब गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान अब्दुर रहमान के रूप में हुई है जो मणिग्राम गांव का निवासी था और कथित तौर पर स्कूल से घर लौटने के बाद तालाब में नहाने गया था। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि अब्दुर गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने पीटीआई- को बताया, बाद में स्थानीय लोगों ने लड़के को तालाब से बाहर निकाला और उसे निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चित्रकूट में तीन बच्चों को जहर देने के बाद महिला ने खुद भी निगला, मां व दो बच्चों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट, उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के मारकुंडी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने तीन बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी जहर निगल लिया, जिससे महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गांव इटवां डुडैला में शनिवार शाम बब्बू यादव की पत्नी ज्योति यादव (28) ने अपने बच्चों बुलबुल (एक), चंद्रमा (तीन) और दीपचंद्र (पांच) को जहर खिलाने के बाद खुद भी जहर निगल लिया। उन्होंने बताया कि हालत खराब होने पर परिजन चारों को मझगवां अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान शाम सात बजे बुलबुल की मौत हो गई। चिकित्सकों ने महिला और दो बच्चों को सतना के अस्पताल रेफर किया, जहां करीब आठ बजे रात में ज्योति और बेटे चंद्रमा की भी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल दीपचंद्र का उपचार किया जा रहा है। सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर घर से कुछ पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी गंध से प्रतीत होता है कि वह संभवतः जहर है।

# मुंबई-गोवा राजमार्ग पर बस में लगी आग, 44 यात्री बाल-बाल बचे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रायगढ़, महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर एक निजी लग्जरी बस में आग लग गई, लेकिन गनीमत रही कि उसमें सवार 44 यात्री बाल-बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना पोलादपुर इलाके में काशेडी सुरंग के पास शनिवार देर रात लगभग दो बजे हुई। उन्होंने बताया कि एक टायर फटने के बाद बस चालक को गड़बड़ी का आभास हुआ और उसने यात्रियों को तत्काल बस से उतरने को कहा। यह बस 44 यात्रियों को लेकर मुंबई से सिंधुदुर्ग जिले के मालवण जा रही थी।

अधिकारी ने बताया कि काशेडी सुरंग से पहले एक टायर फट गया और बस में आग लग गई। इसके बाद चालक ने आपातकालीन ब्रेक लगाए और सभी यात्रियों को तुरंत बस से नीचे उतरने को कहा। उन्होंने बताया कि जब तक यात्री बस से उतरते, आग बस के अन्य हिस्सों में फैल गई थी।

सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने राजमार्ग के दोनों ओर यातायात रोककर सुरक्षा घेरा बना दिया। अधिकारी ने बताया कि इसी बीच, बस के डीजल टैंक में विस्फोट हो गया, लेकिन तब तक सभी यात्री सुरक्षित स्थान पर पहुंच चुके थे। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने रात तीन बजे तक आग पर काबू पा लिया, और उसके बाद राजमार्ग पर दोनों ओर से यातायात फिर से शुरू कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में पोलादपुर थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# कश्मीर में आतंकवादियों का डर लगभग खत्म हो चुका: उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों और उनकी मदद करने वाले पूरे तंत्र का डर लगभग खत्म हो गया है। सिन्हा ने यह भी कहा कि पहले गलत वजहों से सुर्खियों में रहे पुलवामा जैसे इलाके अब श्रीनगर की तुलना में अधिक उद्योगों को आकर्षित कर रहे हैं। उपराज्यपाल ने शनिवार शाम इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों से कहा कि इस साल अब तक कश्मीर में केवल एक ही ऐसा मामला सामने आया है जिसमें कोई स्थानीय व्यक्ति आतंकवादियों में शामिल हुआ। सिन्हा ने कहा, कश्मीर घाटी के अनंतनाग और पुलवामा जिलों जैसे इलाकों में निवेश हो रहा है। श्रीनगर की तुलना में पुलवामा में अधिक औद्योगिक इकाइयां स्थापित की गई हैं। आतंकवादियों और उनकी मदद करने वाले पूरे तंत्र का डर लगभग खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले गलत वजहों से सुर्खियों में रहने वाले पुलवामा जिले में हर घर तिरंगा अभियान के दौरान रैलियों में युवाओं की भारी भागीदारी देखी गई। उन्होंने कहा, हजारों युवा भारत का तिरंगा लेकर निकले और दुनिया ने इसे देखा। शोपियां और पुलवामा के कई गांव ऐसे थे जहां न तो पुलिस जाती थी और न ही सरकारी अधिकारी। अब उन गांवों के लोग भी इसमें शामिल हो रहे हैं।

# 'कोई पछतावा नहीं, वो खुद मरी', पत्नी को जिंदा जलाने वाले दरिंदे पति का कबूलनामा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार




लखनऊ, ग्रेटर नोएडा में दहेज की मांग पूरी न होने पर अपनी पत्नी निक्की को जिंदा जलाने के आरोपी पति विपिन भाटी को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। अस्पताल ले जाते समय विपिन ने साफ कहा कि उसने निक्की को नहीं मारा, बल्कि वह 'खुद मर गई।'

विपिन को निक्की की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उसे उस ज्वलनशील पदार्थ की बोतल बरामद करने के लिए ले जाया जा रहा था जिसका इस्तेमाल उसने अपराध में किया था। तभी उसने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनने की कोशिश की और हिरासत से भाग गया। बार-बार चेतावनी के बावजूद, जब वह नहीं रुका तो पुलिस को गोली चलानी पड़ी, जिससे एक गोली उसके पैर में लगी। इस घटना के बाद भी विपिन ने कोई अफसोस जाहिर नहीं किया। उसने कहा, 'मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैंने उसे नहीं मारा। वह खुद मरी। पति-पत्नी में अक्सर झगड़े होते रहते हैं। यह बहुत आम बात है।' इस मुठभेड़ के बाद निक्की के पिता ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया। उन्होंने इंडिया टुडे को बताया, 'पुलिस ने सही काम किया। एक अपराधी हमेशा भागने की कोशिश करता है, और विपिन एक अपराधी था।' उन्होंने बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की मांग की। निक्की को कथित तौर पर उनके ससुराल वालों ने उनके छोटे बेटे और बहन के सामने प्रताड़ित किया और आग लगा दी थी। उनके 6 साल के बेटे ने उस भयानक घटना का जिक्र करते हुए बताया, 'मेरी मां के ऊपर कुछ डाला, फिर उनको थप्पड़ मारा और फिर लाइटर से आग लगा दी।'

# अररिया पहुंचकर मोदी सरकार पर जमकर बरसे राहुल गांधी

## चुनाव आयोग को बताया 'चुनावी चूक'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान बिहार के पूर्णिया से अररिया पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार 'वोट चोरी' का प्रयास कर रही है।

### भाजपा सरकार पर राहुल का तीखा हमला

अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से गरीबों के वोट चुराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने इस प्रक्रिया को चुनाव आयोग के समर्थन से 'वोट चुराने का एक संस्थागत तरीका' बताया। गांधी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी सरकार... सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण करने के बाद... अब चुनाव आयोग की मदद से रकफ के जरिए गरीबों के वोट चुराना चाहती है।'

### चुनाव आयोग पर कटाक्ष

उन्होंने कटाक्ष करते हुए चुनाव आयोग को 'चुनावी चूक' बताया। उन्होंने दावा किया कि यह कदम असंवैधानिक है और इसका मकसद बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले समाज के वंचित वर्गों को वोट देने के अधिकार से वंचित करना है।

राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में ऐसा नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और यह कदम पूरी तरह से संविधान-विरोधी है। उन्होंने चेतावनी दी कि बिहार की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा और उसके सहयोगियों को करारा जवाब देगी।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं और देश का पैसा कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों के हाथों में दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब वो आपका वोट चोरी कर रहे हैं, आपका अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने बिहार की बेरोजगारी और गरीबी का जिक्र करते हुए कहा कि लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' बहुत सफल रही है क्योंकि बिहार की जनता 'वोट चोरी' की बात से सहमत है और उनसे जुड़ रही है। राहुल ने स्पष्ट किया कि उनका पूरा ध्यान चुनाव आयोग के इस रवैये को बदलने पर है और उन्होंने बिहार में चुनाव की चोरी नहीं होने देने का संकल्प लिया।

## संक्षेप

### गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद के प्राचीन मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद के प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण पर सात करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शासन ने धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए मेरठ मंडल की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राजधानी दिल्ली से सटे होने के कारण गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में पर्यटन विकास की काफी संभावनाएं हैं। गौतमबुद्ध नगर के ग्राम नगली वाजिदपुर के प्राचीन बेरी वाला मंदिर और जेवर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरसा माचीपुर जेवर में मां भूड़ावाली देवी मंदिर का पर्यटन विकास पर एक-एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार, नोएडा विधानसभा क्षेत्र के अक्षरधाम कालोनी स्थित धम्मदीप बौद्ध विहार और ग्रेटर नोएडा स्थित साईट-बी, सूरजनगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण पर 50-50 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसी प्रकार गाजियाबाद के वार्ड नंबर एक में स्थित कृष्णा नगर बागू, मुरादनगर विधानसभा के ग्राम असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर, नगर निगम साहिबाबाद के वार्ड-31 सिहानी स्थित प्राचीन शिव मंदिर और मोदीनगर विधानसभा के नगर पंचायत निवाड़ी स्थित चुकाय वाली माता मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों पर एक-एक करोड़ रुपये राशि खर्च करने की स्वीकृति शासन ने दी है। प्राचीन मंदिरों का सौंदर्यीकरण धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की एक पहल है। प्रदेश सरकार ने कई मंदिरों के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। इस पहल में भक्तों और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाना, पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना शामिल है। प्रदेश सरकार कई प्राचीन मंदिरों का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण करा रही है, ताकि उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को संरक्षित किया जा सके। इन मंदिरों और धार्मिक स्थलों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाने की योजना है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की पहचान एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होगी।

# एक्सप्रेसवे धंसा, मकान बहे, 200 बीघा फसल डूबी

## यूपी के इन जिलों में बिगड़े हालात, जनजीवन अस्त-व्यस्त

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पिछले दो-तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत तो मिली, लेकिन मुसीबतें भी बढ़ गई हैं। कई जिलों में मकान गिरने से लोगों की मौत हो गई, तो वहीं डैमों से छोड़ा गया पानी ग्रामीण इलाकों में आफत बनकर पहुंचा।

मीरजापुर, चंदौली, सोनभद्र, कानपुर देहात, कन्नौज, फरुर्खाबाद, इटावा, एटा और बुंदेलखंड के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। प्रशासन राहत व बचाव कार्यों में जुटा है, लेकिन ग्रामीणों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए जिलों में राजस्व विभाग की टीमें क्षति का आकलन कर रही हैं। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को मुआवजे का भरोसा दिया गया है। मीरजापुर जिले में भारी बारिश से 13 मकान धराशायी हो गए, जबकि वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यहां तक कि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के गांव ओढ़ी में भी पानी घुस गया है। अहरौरा व जरगो डैम से छोड़े गए पानी के कारण चुनार तहसील क्षेत्र के 75 गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। चंदौली जिले के बहेलियापुर बंधी का तटबंध टूट जाने से लगभग 200 बीघा धान की फसल डूब गई। अभियंताओं की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने जांच बैठा दी है। सोनभद्र में पिछले 48 घंटे से तेज बारिश के कारण धंधरौल, नगवां और कनहर बांधों के फाटक खोले गए, जिससे नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कानपुर देहात में यमुना का जलस्तर मात्र आठ घंटे में चार मीटर बढ़ गया। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे बनी निकासी पटरी भी धंस गई। कन्नौज के गुरसहायगंज में दीवार गिरने से नितीश कुमार और उनकी बहन सुनीता की मौत हो गई, जबकि एक अन्य सपना घायल है। तीनों ईंट भट्ठे में काम करते थे। भाई-बहन बिहार के नवादा के रहने वाले थे जबकि सपना गया जिले के मुखासी की रहने वाली है। जिले के तटवर्ती 14 गांवों में जलभराव से मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। फरुर्खाबाद, उन्नाव और फतेहपुर में गंगा का जलस्तर घटने लगा है, लेकिन अभी भी कई गांवों का संपर्क टूटा हुआ है। फरुर्खाबाद में पांच मकान गंगा में समा गए। इटावा के चकरनगर क्षेत्र में चंबल नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा, जिससे सड़कें जलमग्न हो गईं। वहीं उरई में यमुना 24 घंटे में पांच मीटर तक बढ़ गईं। उधर, एटा जिले के हत्सारी गांव में बारिश के दौरान मकान गिरने से 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए। हिम्मतनगर बझेरा गांव में भी दो मकान गिरे, हालांकि यहां जनहानि नहीं हुई।

# 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों में 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण के मामले को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। यह केस जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच में कोर्ट नंबर-9 में सूचीबद्ध है। अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछले 12 महीनों से केवल तारीखें मिल रही हैं, जबकि सरकार हर बार अनुपस्थित रहती है। पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा की महिला सभा की प्रदेश प्रवक्ता पूनम यादव और संगठन के प्रदेश प्रवक्ता शिव शंकर ने कहा कि सरकार को सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित होकर याची अभ्यर्थियों के पक्ष में अपना पक्ष रखना चाहिए और जल्द से जल्द मामले का निस्तारण कराना चाहिए। इस संबंध में आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को वाट्सएप मैसेज के जरिये अवगत कराया था। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर संज्ञान लेने और अभ्यर्थियों को शीघ्र न्याय दिलाने की बात कही है। इधर, आरक्षण पीड़ित अभ्यर्थियों ने रविवार सुबह उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया। इसके बाद वे मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ना चाहते थे, लेकिन अभ्यर्थी वहां तक पहुंच पाते, इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ कर बसों में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया।

# तेंदुए की दस्तक वन विभाग ने पगमार्क की जांच की, ग्रामीण दहशत में

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहमान खेड़ा जंगल में तेंदुए द्वारा गाय की बछिया को मारने की घटना सामने आई है। समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने पगमार्क की जांच की, लेकिन अभी तक किसी जंगली जानवर की पुष्टि नहीं हो पाई है।

रहमान खेड़ा जंगल से सटे रहमतनगर गांव में पिछले चार दिनों से तेंदुए और बाघ जैसे जंगली जानवरों की आवाजाही देखी गई है। ग्रामीणों ने भूरे रंग के बाघनुमा जानवर को खेतों और बागों के आसपास कई बार देखा है। शाम होते ही लोग घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।


घटना सहिलामऊ गांव के आशीष यादव के साथ हुई। वह अपने पशुओं को चराने धोबियाना नाले के पास टेरिस क्षेत्र में गए थे। पशुओं को चरने के लिए छोड़कर वह करीब 50 मीटर दूर छाया में बैठ गए। जब वह पशुओं को घर ले जाने गए तो एक गाय की बछिया गायब थी। जंगल में खोजने पर उन्होंने देखा कि एक तेंदुआ बछिया को मारकर उसके ऊपर बैठा है। आशीष ने तुरंत बाकी पशुओं को लेकर गांव में जाकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

ग्रामीण आशीष ने बताया कि तेंदुआ आकार का दिखने वाला जानवर बहुत बड़ा नहीं था। ऐसा लगता है कि वह करीब एक साल का बच्चा है। अगले दिन जब आशीष गांव वालों के साथ दोबारा घटना स्थल पर पहुंचा तो देखा कि तेंदुआ बछिया का अधिकांश हिस्सा खा चुका था। इस संबंध में क्षेत्रीय रेंजर सोनम दीक्षित ने बताया कि वन विभाग की टीम को लगा दिया गया है , टीम लगातार ग्रामीणों को सतर्क रहने, अकेले जंगल या सुनसान क्षेत्रों में न जाने और रात के समय सावधानी बरतने की अपील कर रही है। साथ ही दो कैमरे भी लगाए गए हैं। जिससे हिंसक जानवर को ट्रैक किया जा सके।

# यूपी में हर ब्लॉक की एक-एक ग्राम पंचायत बनेगी दूरसंचार समृद्ध

### पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीएसएनएल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हर ब्लाक की एक-एक ग्राम पंचायत को दूरसंचार सेवाओं से समृद्ध बनाया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश की 415 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है।

इनमें से उत्तर प्रदेश पूर्व परिमंडल की 277 व उत्तर प्रदेश पश्चिम परिमंडल की 138 ग्राम पंचायतें हैं। इन्हें मार्च 2026 तक माडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपी गई है। बीएसएनएल उत्तर प्रदेश पूर्व परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) एके गर्ग ने बताया कि केंद्र सरकार गांवों के विकास पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य पंचायतों की कार्य प्रणाली में सुधार लाना और उन्हें अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाना है। इसी क्रम में दूरसंचार समृद्ध माडल ग्राम पंचायत बनाने की पहल की गई है। चयनित ग्राम पंचायतों में पांच सरकारी संस्थानों, पांच व्यावसयिक संस्थानों व गांव के कम से कम पांच प्रतिशत परिवारों को फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) से जोड़ने की योजना है, ताकि उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाया जा सके। बीएसएनएल उत्तर प्रदेश पूर्व परिमंडल के प्रधान महाप्रबंधक (पीजीएम) मनीष कुमार ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधाएं बढ़ेंगी। बेहतर संचार सुविधाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सरकारी योजनाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### यहां इतनी ग्राम पंचायतों का चयन

प्रयागराज में 20, प्रतापगढ़ में 14, बाराबंकी में 13, अमेठी में 11, सुलतानपुर व हरदोई में 10-10, मऊ, जौनपुर व जालौन में नौ-नौ, शाहजहांपुर, सीतपुर व बांदा में आठ-आठ, गोरखपुर, कानपुर देहात, कौशांबी, चंदौली व महराजगंज में सात-सात, कानपुर नगर, अंबेडकरनगर, रायबरेली, बस्ती, ललितपुर, गाजीपुर व अयोध्या में छह-छह, लखनऊ, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी व देवरिया में पांच-पांच, आजमगढ़, झांसी, बहराइच, फरुर्खाबाद व कुशीनगर में चार-चार, हमीरपुर, उन्नाव, मीरजापुर, भदोही, वाराणसी व महोबा में तीन-तीन, बलिया, संतकबीरनगर, चित्रकूट, फतेहपुर व गोंडा में दो-दो, बलरामपुर, सोनभद्र व कन्नौज में एक-एक ग्राम पंचायत।

# उच्चारण में नही,त्याग मन से होता है : आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी



अमन लेखनी समाचार

निगोहां। श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा ब्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी कहा कि अपना प्रभाव भूलकर भाव के द्वारा राम कथा का रसपान करना चाहिए उन्होंने सती प्रसंग का पावन वर्णन किया भगवान शिव जी भाव में डूबे हैं और भाव मे ही देवता निवास करते हैं भगवान शिव कुंभज ऋषि के आश्रम में गए भगवान शंकर तो समुद्र है। ( कृपा सिंधु सिव परम अगाधा, ) समुद्र कथा सुनने घड़े के बेटे के पास जा रहे हैं,मगर शिव जी ने कहा इसमें कुंभज की ही महिमा है क्योंकि राम कथा का समुद्र घट मे ही समा सकता हैं सती प्रसंग में सती जी के त्याग का वर्णन किया लेकिन अद्भुत त्याग है यह, भगवान शंकर का त्याग आचरण में है उच्चारण नही त्याग मन से होता है जिसका त्याग किया उससे द्वेष भी नहीं आगे शिव विवाह की कथा सुनाई कार्य भला और बुरा,इसका निर्णय तो प्रेरणा से होता है प्रेरणा किसकी है श्रीराम की या काम की भगवान शिव का विवाह अलौकिक है रामकथा में चार विवाह है, जिसमें दो पूर्ण दो अपूर्ण शिव जी का तथा श्री राम जी का विवाह पूर्ण है नारद जी और शूर्पणखा का विवाह अपूर्ण है कथा ब्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी ने मानस के अनेक जीवन उपयोगी प्रसंगों का रस पान कराया वही मुस्लिम समाज के लोग भी बढ़ चढ़ के ले रहे है हिस्सा।

# 35 जिलों में बिजली गिरने की चेतावनी

### मौसम विभाग का यूपी में भारी बारिश का अलर्ट,

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार को यूपी के 15 से अधिक जिलों में मध्यम से झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, लखनऊ और आसपास के जिलों में कहीं-कहीं हल्की बरसात हो सकती है, लेकिन अगले चार-पांच दिनों तक भारी बारिश की संभावना नहीं है। अतुल कुमार का कहना है कि सोमवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर में बादल जमकर बरसेंगे। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में भी तेज हवा के साथ वज्रपात और तेज बारिश के पूवार्नुमान हैं।

### इन जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

खासकर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के जिलों मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 35 से अधिक जिलों में वज्रपात की चेतावनी जारी की है। आगरा में सुबह से बादल छाए हुए हैं, जिससे मौसम खुशनुमा है। देर रात बूंदाबांदी से उमस से राहत मिली है।

# विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर में उमड़ी भीड़, युवाओं ने दिखाया उत्साह

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई, लखनऊ। लोकतंत्र की सुदृढ़ता और राष्ट्र की एकता-अखंडता को मजबूत करने के संकल्प के साथ, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के निर्देशन एवं उनकी टीम के पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार को विभिन्न आरडब्ल्यूए में मतदाता पंजीकरण शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों का उद्देश्य पात्र नागरिकों, विशेषकर 18 वर्ष आयु सीमा पार कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में नामांकन हेतु प्रोत्साहित करना एवं उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना रहा। क्षेत्र के लाइटहाउस अपार्टमेंट, रिशिता मैनहट्टन, सूरत रेजीडेंसी, आर.जी. एम्फोरिया, शिवा ग्रीन्स अपार्टमेंट, हिमालय एन्क्लेव, नीलगिरि अपार्टमेंट, आश्रा एन्क्लेव में आयोजित इन शिविरों में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर अपने पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराई। युवा वर्ग ने विशेष उत्साह दिखाते हुए नए मतदाता बनने की दिशा में पहल की।

# हसनखेड़ा में 132वां 'आपका विधायक-आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा रविवार को भटगांव के मजरा हसनखेड़ा में 132वां 'आपका विधायक-आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर आयोजित हुआ। शिविर में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि से जुड़ी कुल 42 समस्याएं व सुझाव रखे। सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक की टीम ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। टीम ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 6,000 से अधिक समस्याओं का समाधान कराया जा चुका है। कार्यक्रम में 'गाँव की शान पहल' के अंतर्गत हाईस्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों खुशी कश्यप व निखिल कश्यप और इण्टमीडिएट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवानी गौतम व जतिन कुमार को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीम के लोगों ने बताया कि इसके तहत अब तक 500 से अधिक मेधावियों को साइकिलें प्रदान की जा चुकी हैं। साथ ही क्षेत्र में युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 142वें बॉयज और 82वें गर्ल्स यूथ क्लब की स्थापना की गई। इसके तहत अब तक कुल 222 यूथ क्लब खेल किट के माध्यम से युवाओं में फिटनेस व अनुशासन की भावना विकसित कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाले भाजपा पदाधिकारियों, ग्राम प्रधान और सामाजिक कार्यकताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से सभी ग्रामवासियों को ताजा व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# यूपी में सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं रहेगी पढ़ाई, गणित और विज्ञान के प्रयोग करके भी सीखेंगे बच्चे

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बच्चों को गणित और विज्ञान अब केवल किताबों से नहीं, बल्कि प्रयोग करके सीखने का अवसर मिलेगा। इसके लिए प्रदेश में विज्ञान और गणित के शिक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाई का मजा प्रयोगशाला और वास्तविक जीवन से जोड़कर समझा सकेंगे। इस माह से शुरू हुआ प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से अगले वर्ष मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स से लेकर विद्यालय स्तर तक के शिक्षक शामिल होंगे। उन्हें नई शिक्षण तकनीक, डिजिटल टूल्स, प्रोजेक्ट आधारित सीख, समूह गतिविधियां और प्रयोगशाला में छोटे-छोटे प्रयोगों के माध्यम से पढ़ाने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इसका मकसद बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और समस्या समाधान क्षमता विकसित करना है। प्रशिक्षण लखनऊ स्थित उद्यमिता विकास संस्थान और दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान में चरणबद्ध ढंग से कराया जा रहा है। इसमें प्रदेश भर के विज्ञान-गणित शिक्षक, तकनीकी अनुदेशक, डायट मास्टर ट्रेनर्स और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिकाएं भाग ले रही हैं। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री योजना से जुड़े 2274 चयनित विद्यालयों के साथ 3288 नए विद्यालयों तक पहुंचेगा। खास बात यह है कि इसमें यूनिसेफ और स्टार फोरम-विज्ञान आश्रम तकनीकी साझेदार के रूप में सहयोग कर रहे हैं। इस पहल से शिक्षा को प्रयोगधर्मी और तकनीकी दक्ष बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि बच्चे सीखने को जीवन से जोड़ सकें।

# लखनऊ में नशेड़ी स्कॉर्पियो चालक ने मां-बेटे को रौंदा, दोनों गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नशे की हालत में स्कॉर्पियो चला रहे युवक ने स्कूटी सवार मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

### हादसा घर से 20 मीटर की दूरी पर

पीड़िता नितिका सिंह (37) अपने 17 वर्षीय बेटे शुभांशु के साथ एक्टिवा स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वे बाबू विहार स्थित अपने घर से मात्र 20 मीटर की दूरी पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही बिना नंबर की काली स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। गाड़ी चला रहा युवक आदर्श पटेल नशे में धुत था। हादसे में नितिका की दाहिनी जांघ की हड्डी टूट गई और उन्हें अंदरूनी चोटें भी आई हैं। वहीं शुभांशु के ऊपर के चार दांत टूट गए और दाहिने हाथ की कोहनी में गंभीर चोट लगी है। दोनों को तत्काल पीजीआई ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे साउथ सिटी चौकी प्रभारी ने स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया। पीड़ित के पति दिनेश सिंह की तहरीर पर पीजीआई पुलिस ने आदर्श पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लखनऊ से पुणे जाने वाली एअर इंडिया की उड़ान रद्द, रिफंड के लिए एयरपोर्ट पर भटक रहे यात्री

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। एअर इंडिया की लखनऊ से पुणे की एक मार्च से निरस्त चल रही उड़ान के टिकट बुक कराकर यात्री भटक रहे हैं। पिछले दिनों अपने टिकट के साथ पुणे की यात्रा के लिए एयरपोर्ट पहुंची एक महिला यात्री को डेढ़ घंटे तक रिफंड प्रक्रिया के लिए भटकना पड़ा था। वहीं अब एक और यात्री ने एअर इंडिया की इस लापरवाही की शिकायत की है। यात्री को उनकी निरस्त उड़ान की सूचना तक नहीं दी गई। यात्री रोहित वर्मा ने 27 अगस्त को लखनऊ से दिल्ली होकर पुणे और एक सितंबर को पुणे से लखनऊ की यात्रा के लिए एअर इंडिया की वेबसाइट से टिकट बुक कराया था। उनको एअर इंडिया की उड़ान एआइ-838 से यह यात्रा करना था। यह उड़ान एक मार्च से चौधरी चरण सिंह अंतरर‍राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे के अपग्रेडेशन के कारण निरस्त कर दी गई थी। अब यात्री रोहित वर्मा को जब इसकी सूचना मिली तो वह अपने टिकट को दूसरी उड़ान में रिशेड्यूल्ड करने या फिर रिफंड के लिए कस्टमर केयर से लगातार संपर्क कर रहे हैं। कस्टमर केयर पर उनकी समस्या का निराकरण ही नहीं किया जा रहा है। इस पर रोहित वर्मा ने अपनी शिकायत एअर इंडिया से दर्ज करायी है। उन्होंने यह भी बताया है कि लखनऊ-पुणे के अलावा लखनऊ से गोवा की 25 सितंबर और गोवा से लखनऊ की यात्रा के लिए 29 सितंबर की दिल्ली की कनेक्टिंग उड़ान से टिकट बुक कराया था। गोवा से दिल्ली की उड़ान एआइ-884 भी निरस्त कर दी गई है। एअर इंडिया की ओर से कहा गया है कि वह इस मामले की जांच कर रहा है। इससे पहले 18 अगस्त को महिला यात्री सुप्रिया सक्सेना एअर इंडिया की वेबसाइट पर टिकट बुक कराने के बाद एयरपोर्ट पहुंची तो उनको बताया गाय था कि उनकी उड़ान निरस्त है। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उनको एअर इंडिया ने उड़ान के निरस्त होने का लेटर दिया और किराए का रिफंड पांच से सात दिन करने के निर्देश दिए।

## संक्षेप

### साफ सफाई न होने से विकास की खुली पोल

हिलौली, उन्नाव। क्षेत्र में झमाझम बारिश होने से विकासखंड की लगभग सभी ग्राम पंचायते की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। चोक नाले और नालियां उफनाए गए। गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। यही नहीं गंदा पानी घरों में भी घुसने लगा था इससे लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। बारिश ने पंचायत विभाग की पोल खोलकर रखी दी है। सफाई न होने के कारण नाले और नालियां बारिश के पानी से उफना गईं। बरसाती पानी सड़कों पर बहने लगा। चोक नालियों का गंदा पानी घरों व बरामदों में भर गया। ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की लापरवाही का आरोप लगाते हुए (नाम ना बताने की शर्त) पर कुछ लोगों ने बताया कि नालों की कई माह से सफाई नहीं की गई। जिससे पानी भरने से गृहस्थी का सामान भीग गया।

### बेखौफ चोर पुलिस का नहीं रहा डर, घर से 15 बकरियां किया पार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, हसनगंज निवासी मुन्ना कुरैशी के घर से 15 बकरियां चोरी हो गई मुन्ना कुरैशी के घर के एक कमरे में बधी 15 बकरियां जिसमें 11 बकरियां कर बकरा और साथ छोटे बच्चे थे जिसे रात्रि करीब 1.00 से 1.30 बजे के बीच चोरी हो गईं। घर के व्यक्ति घर के अंदर सोते रह गए और चोरों ने बड़ी आसानी से बकरियां खोल लीं। रात में मुन्ना की पत्नी सम्मो जब जागीं तो दरवाजा खुला देखकर शोर मचाया, तब जानकारी हुई कि चोरों ने बकरियां चोरी कर ली हैं।पीड़ित परिवार का आरोप है कि चोरों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वे किसी भी घर में चोरी कर सकते हैं। उनका कहना है कि प्रशासन का थोड़ा सा भी खौफ नहीं बचा है।हसनगंज क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस को चाहिए कि वह चोरों को पकड़ने के लिए सख्त कदम उठाए और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे।कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया है कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

### प्रति वर्ष निकलने वाली परंपरागत निकाली गई शोभायात्रा

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव हफीजाबाद में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद प्रति वर्ष निकलने वाली परंपरागत शोभा यात्रा रविवार को लगभग तीस सुंदर सुंदर झांकियों के साथ निकाली गई। बैंड बाजे व लाउडस्पीकर से सुसज्जित शोभा यात्रा में अठ्ठारह बैल गाड़ी और बारह ट्रैक्टरों में भगवान गणेश,विष्णु, रामसीता दरबार, कमल पुष्प पर विराजमान ब्रम्हा जी, संजीवनी लाते हनुमान जी, आदि की मूर्तियां सजाकर वाहनों में उन्हें बैठाकर शोभा यात्रा हरदोई उन्नाव रोड पर पूर्व प्रधान पुष्कर शुक्ला के घर से हफीजाबाद चौराहे तक पहुंची। इसके पहले अशोक शुक्ला, पुष्कर शुक्ला आदि ने गणेश पूजन करके शोभा यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर शैलेन्द्र शुक्ला, कुंवर जी शुक्ला, ऋषि बाजपेई, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश दीक्षित, अतुल मिश्रा आदि रहे।

# पहलवानों ने कुश्ती कला का किया प्रदर्शन, दिखाए अपने अपने दाव पेंच

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव मनीखेड़ा,लखपेडा दंगल में दूर दूर से आए पहलवानो ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के में पहुंचे मुख्य अतिथि पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने पहलवानों को धनराशि देकर सम्मानित किया। मनी खेड़ा लखपेड़ा प्रांगण मे आयोजित दंगल में इटावा शामली हरियाणा पंजाब अलियाबाद लखनऊ गोंडा बहराईच बस्ती कानपुर उन्नाव के पहलवानो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। दंगल केसरी के लिए उन्नाव के जाने-माने पहलवान पारुल व कानपुर के पहलवान दीपक राजावत के बीच हुई आधे घंटे तक चली कुश्ती में दीपक राजावत ने पारुल को पटकनी देकर



का दंगल केसरी के किताब पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर कुश्ती कला में भाग लेने वाले पहलवानों का उत्साह वर्धन किया उन्होंने कहा की कुश्ती कला हम सभी भारतीयों की शान है आज ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने कला का परचम लहरा रही हैं। खेल को खेल भावना से ही खेला जाना चाहिये आपसी कटुता नहीं होनी चाहिये ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रतिभाओ की कमी नहीं है बस उसे हमें निखारने की आवश्यकता है । विजयी पहलवान प्रदेश मे ही नहीं पूरे विश्व मे भारत का नाम करे। दंगल आयोजन में प्रधान पति रमेश सिंह ,पूर्व प्रधान विश्राम सिंह , फुन्नी प्रसाद त्रिपाठी,राम जी यादव,आशु सिंह , राजेश सिंह ,अध्यक्ष संजय सिंह राममिलन, मानवेन्द्र सिंह,पंकज सिंह, दीपक सिंह, लोटन पासवान, रासबिहारी सिंह आदि रहे।

# पुलिस की पहल पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत की गई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। पुलिस ने पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत हसनगंज पंचायत भवन व मोहन कस्बा में बैठक आयोजित की। इस बैठक में ग्राम प्रधान,चेयरमैन समरजीत यादव सभासद सुरक्षा समिति के सदस्य और ग्रामीणों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना है।

पुलिस ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और भ्रामक तथ्यों की सूचना तत्कालपुलिस को दें।

सुरक्षा समिति के सदस्यों को उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें ग्रामीणों की सुरक्षा में




सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों और पुलिस के बीच संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

इस अभियान से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच मिलता है और पुलिस को ग्रामीणों की जरूरतों को समझने में मदद मिलती है। क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने बताया कि हसनगंज पुलिस की यह पहल ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

# फांसी का फंदा गले में डालकर युवक ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव इंदामऊ में 45 वर्षीय युवक ने शनिवार रात कमरे में लगे कुंडे में रस्सी से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। रामकिशन पुत्र बाबूलाल शनिवार शाम को घर में खाना खाने के बाद अपने कमरे में लेट गया । पत्नी छेदाना पुत्री निशा 16 वर्ष दूसरे कमरे में लेट गए। सुबह उठने पर पत्नी पति को जगाने गई तो कमरा अंदर से बंद था। पड़ोसियों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा तो देखा पति कमरे में रस्सी से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। घर में मौजूद लोगो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा है। पुत्र कोमल 20 वर्ष व विकाश 18 वर्ष शहर में प्राइवेट काम करते थे , जो सूचना मिलने पर सुबह घर पहुंचे जिनका भी रो रो कर बुरा हाल था ।थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि



पीएम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। आत्महत्या का कारण पारिवारिक मतभेद बताया जा रहा है मृतक खेती-बाड़ी का काम करता था।

# परिजनो को अपनी संवेदना व्यक्त करने पहुंचे डिप्टी सीएम

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। साहिबे सज्जादा हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैहि, सफीपुर शरीफ के साहिबे सज्जादा हजरत नवाज़िश मोहम्मद फारूकी सफवी और अफजाल मोहम्मद फारूकी सफवी मदा ज़िल्लहु अलआली की माता के इंतकाल की सूचना पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पंहुचकर परिजनों को अपनी संवेदना व्यक्त की उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक नगर के एक प्रतिष्ठान पर कुछ देर रुके जहां मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग तिवारी ने सफीपुर सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट न होने से मरीजों के अल्ट्रासाउंड न होने की जानकारी देते हुए सीएचसी पर रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त किए जाने की



मांग की जिस पर उन्होंने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर से अनुराग तिवारी द्वारा की गई मांग से संबंधित पत्र देने की बात कहते हुए शीघ्र रेडियोलॉजिस्ट तैनाती का आश्वासन दिया इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर एवम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता सौरभ बाजपेई उर्फ ₹राजाबेटा सोनू श्रीवास्तव मोनू तिवारी मौजूद रहे

# बाढ़ प्रभावित गांवों में सपा नेताओं का दौरा,नाव से पहुंचकर बांटी राहत सामग्री

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कटरी इलाके में बाढ़ से दर्जनों गांव प्रभावित हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने इन गांवों में राहत कार्य शुरू किया है ।समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संजीव त्रिवेदी ने पार्टी के उन्नाव प्रभारी आरिफ जमा को स्थिति की जानकारी दी। इसके बाद सैकड़ों सपा कार्यकर्ता राहत सामग्री लेकर बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव गुलिस्तान खान और जिला उपाध्यक्ष औलिया खान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने घर-घर जाकर राहत सामग्री वितरित की। कार्यकताओं ने तीन किलोमीटर तक नाव से यात्रा कर पीड़ितों तक राशन और फल पहुंचाए ।संजीव त्रिवेदी ने कहा कि धन्नापुरवा, हरिगंज और लोकेयां पुरवा समेत सभी गांवों की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि सत्ताधारी नेता और अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा नहीं कर रहे हैं।



समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# अनियंत्रित लोडर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत, किशोर घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। रविवार सुबह नैमिषारण दर्शन करने जा रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। सिविल लाइन मोहल्ले में मुर्गियों से भरे एक लोडर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे 52 वर्षीय जयराम की मौके पर मौत हो गई। उनके साथ सवार 9 वर्षीय नाती आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अचलगंज कस्बा निवासी जयराम किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह अपने नाती आदित्य के साथ बाइक पर सवार थे। उनके पीछे दूसरी बाइक पर दामाद सर्वेश और पुत्री प्रीति भी आ रहे थे। कानपुर की ओर जा रहे लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी ।घायल आदित्य को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।




मृतक जयराम अपने पीछे पत्नी कुंती देवी, एक पुत्र मुकेश और चार पुत्रियों को छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद लोडर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी अजय सिंह के अनुसार तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# 235 करोड़ की लागत से बनेगा पुल



**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शुक्लागंज क्षेत्र में गंगा नदी पर नए पुल का निर्माण जल्द शुरू होगा। राज्य सेतु निगम के अधिकारियों ने स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण पूरा किया। कानपुर से आए जूनियर इंजीनियर कुंदन और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी के सर्वेक्षण में सामने आया कि सीताराम कॉलोनी के करीब 50 मकान इस परियोजना से प्रभावित होंगे। प्रभावित परिवारों को दस्तावेज तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। नया पुल पुराने पुल से 50 मीटर दूर मिश्रा कॉलोनी की ओर बनेगा। परियोजना की कुल लागत 235 करोड़ रुपए है। शासन ने पहले चरण में 82 करोड़ 33 लाख 97 हजार रुपए जारी कर दिए हैं। मेसर्स गावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी पुल का निर्माण करेगी।लेखपाल अशोक सैनी के अनुसार, अब प्रभावित मकान मालिकों के दस्तावेजों की जांच होगी। इसके बाद मकानों को हटाने और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होगी। वर्तमान में गंगा पर बना पुल अत्यधिक यातायात दबाव झेल रहा है। नए पुल के बनने से यातायात का भार बंटेगा और लोगों को सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। स्थानीय निवासी लंबे समय से इस पुल की मांग कर रहे थे।

# धीरे धीरे कम हुआ गंगा नदी का जलस्तर कई इलाकों में स्थित अभी भी गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगा नदी का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। पिछले तीन दिनों से जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, शुक्रवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 113.030 मीटर था। शनिवार सुबह 8 बजे यह 112.960 मीटर हो गया। दोपहर 3 बजे 112.930 मीटर और शाम 6 बजे 112.900 मीटर तक पहुंच गया। रविवार सुबह तक जलस्तर 112.820 मीटर तक गिर चुका था। जलस्तर में कमी के बावजूद, कई इलाकों में स्थिति अभी भी चिंताजनक है। चम्पापुरवा, राजीव नगर, फत्तेहपुर, गगनीखेड़ा समेत दर्जनों बस्तियां बाढ़ की चपेट में हैं। सैकड़ों



मकान पानी से घिरे हुए हैं। लोगों को राशन और जरूरी सामान जुटाने में परेशानी हो रही है। कई परिवारों को अपने पक्के मकान छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है ।प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 57 नावें तैनात की हैं। इनका उपयोग लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और राहत सामग्री पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। हालांकि कुछ इलाकों से शिकायतें आ रही हैं कि उन्हें अभी तक पर्याप्त मदद नहीं मिल पाई है।

# वृद्ध महिला का फिसला पैर पानी भरे गड्ढे में गिरी, हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। शौच करने गई एक वृद्धा का पैर अचानक से फिसल गया जिससे वृद्धा सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई ।परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन थाना क्षेत्र के राजाबाग चौकी क्षेत्र के सुंदरपुर गांव निवासी धनीराम की 60 वर्षीय पत्नी बिट्टा देवी रविवार सुबह चार बजे घर से दो सौ मीटर की दूरी पर खेतों में शौच करने जा रही थी तभी वृद्धा का अचानक से पैर फिसल गया और सड़क किनारे पानी भरे गहरे गड्ढे में गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।काफी देर तक जब वृद्धा घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश शुरू किया तो वृद्धा



का शव पानी भरे गड्ढे में पड़ा देख बिलख पड़े ।सूचना पर मौके पर राजाबाग चौकी पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।मृतका के तीन बेटों में संजय(35),संदीप(30),कुलदीप (25 )सहित पांच बेटी में चार बेटी विवाहित है और एक छोटी बेटी सुनैना( 20) है ।राजाबाग चौकी प्रभारी रवींद्र मालवीय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।ग्रामीणों के अनुसार मृतका के पति धनीराम का तीन साल पहले मौत हो गई थी जिसके बाद से मृतका मानसिक रूप से बीमार रहती थी ।और उठने बैठने में दिक्कत होती थी। मृतका के घर पर अगर शौचालय बना होता तो शायद वृद्धा की बच जाती जान।

*ग्राम प्रधान मंगली के अनुसार मृतका के घर पर शौचालय नहीं बना है ।शौचालय उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन कराया गया था जल्द ही उपलब्ध हो जाएगा।*

# ग्राम चौपाल में पुलिस ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थानाध्यक्ष ने पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत पिपरासर गांव में ग्राम चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा साइबर क्राइम जैसे अपराधों से बचने के टिप्स भी दिए। पिपरासर में आयोजित पुलिस आपके द्वारा अभियान के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि साइबर अपराध व अन्य हेल्प लाइन नंबर आपकी मदद में है । सी यू जी नंबर,पी आर वी नंबर प्रत्येक नागरिक के पास होना चाहिए जिससे किसी भी आपात स्थिति में आप सहायता पा सकते है। अफवाहों पर ध्यान न दें और भ्रामक तथ्यों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# विकास प्राधिकरण ऑफिस का उद्घाटन

- नक्शा पास कराने से लेकर टैक्सेशन तक होगा ऑनलाइन, मंत्री सुरेश खन्ना बोले-काम होगा आसान

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विकास प्राधिकरण कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने परिसर में हरिशंकरी का पौधा लगाया। वित्तमंत्री ने कहा कि शाहजहांपुर के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में शाहजहांपुर को नगर निगम का दर्जा मिला था। अब दूसरे कार्यकाल में विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई है। खन्ना ने कहा कि प्राधिकरण में सभी कार्य ऑनलाइन होंगे। नक्शा पास कराने से लेकर अन्य प्रक्रियाओं के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह व्यवस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। विकास प्राधिकरण के पास विशेषज्ञ टीम होगी। आर्किटेक्चर और प्लानिंग के क्षेत्र में बेहतर परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश द्विवेदी मौजूद रहे। नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र ने भी पौधारोपण किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग



आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ बाल्मीकि, चौक मंडल अध्यक्ष वैभव खन्ना समेत वरिष्ठ नागरिक और नगर निगम के पार्षद उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।

## विमर्श

प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अथॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अथॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अथॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।



सेहत

डा. मोनिका हीरा

> एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जसिसे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटिॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटिॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकिं और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

# धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है



संकलित

दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित

प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है।

*- मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें



जो चीजें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमजोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में जरूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया।



## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन-फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है



## संक्षेप

### नौहाखा को ईराक में मिला सम्मान

**महफूज सुलतानपुरी को ग्लोबल रिसर्च फोरम ने दिया मुबल्लिग-ए-अजा का खिताब**

सुलतानपुर, ग्लोबल रिसर्च फोरम ने सुल्तानपुर के अलीगढ़ के रहने वाले नौहाखा महफूज सुलतानपुरी को मुबल्लिग-ए-अजा के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया है। यह सम्मान इमाम हुसैन की अजादारी में उनकी सेवाओं के लिए दिया गया है। यह खिताब कई प्रमुख धार्मिक विद्वानों की ओर से प्रदान किया गया। इनमें हुज्जतुल-इस्लाम मौलाना सैयद जान अली शाह काजमी नजफी (लंदन), मौलाना डॉक्टर हैदर शरीअती, मौलाना अली अब्बास जैनपुरी नजफी और हुज्जतुल-इस्लाम मौलाना सैयद अरबाब अली मूसी नजफी शामिल हैं। इस सम्मान को डॉ. मोजिज अनवर, डॉ. ओलिवर सेबेस्टियन, डॉ. सदफ अब्बासी और एडवोकेट सैयद अली लखनवी जैसे विद्वानों का भी समर्थन प्राप्त है। इन विद्वानों ने सुलतानपुरी की सेवा को निष्ठा का प्रतीक माना है। सम्मान स्वीकार करते हुए महफूज सुलतानपुरी ने विनम्रतापूर्वक कहा कि यह खिताब उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि यह अजादारी की महान परंपरा का सम्मान है।

### पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

**21 उपनिरीक्षकों को नई जगह भेजा, शाहगंज चौकी पर महिला अधिकारी को तैनाती**

सुलतानपुर, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। इस फेरबदल में 21 उप निरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां मिली हैं। शाहगंज चौकी की कमान महिला उपनिरीक्षक वंदना अग्रहरि को सौंपी गई है। उप निरीक्षक सतेन्द्र सिंह को थाना धम्मौर से खोखीपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। दिनेश चन्द्र को खोखीपुर से कोतवाली नगर की जेल चौकी में भेजा गया है। महिला उप निरीक्षक ममता रावत को पुलिस लाइन से सीताकुण्ड चौकी का प्रभार मिला है। जितेन्द्र की तैनाती बरौसा चौकी से कोतवाली नगर के शास्त्री नगर में की गई है। रामराज को थाना अखण्डनगर से जयसिंहपुर की बरौसा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन से हरिकेश बहादुर सिंह को थाना धम्मौर भेजा गया है। मुरारी लाल और संजय कुमार चौबे को मोतीगरपुर की जिम्मेदारी मिली है। शिवबोध सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात किया गया है।

### चांदा में ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी

**कई दुकानें बंद मिलीं; एक मेडिकल स्टोर से दवाओं का सैंपल लिया**

सुलतानपुर, चांदा कस्बे में ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद ने मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर की आमद की जानकारी मिलते ही कई मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा के सामने स्थित कृपा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। स्टोर का ड्रग लाइसेंस वैध पाया गया। जांच के दौरान दवाओं के नमूने लिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर राजू प्रसाद ने बताया कि चांदा कस्बा और कोइरीपुर का भ्रमण किया गया। दोनों स्थानों पर अधिकतर मेडिकल स्टोर बंद मिले।

# बेहतर पुलिसिंग के लिए कोतवाल व चौकी इंचार्ज हुए सम्मानित

## सम्मान मिलने से और अच्छा कार्य करने की मिलती है प्रेरणा: प्रभारी निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। आदर्श थाना रुपईडीहा कोतवाल रमेश सिंह रावत को अच्छा कार्य और ऐतिहासिक पुलिसिंग सेवा हेतु जनपद की अग्रणी समाज सेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मानित किया गया। कोतवाल रमेश सिंह रावत को उनके अनुकरणीय कार्यों व समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के प्रति समर्पित सेवाओं को देखते हुए समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व स्मृतिचिन्ह सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री रावत पहले भी अपनी कुशल नेतृत्व शैली, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था की बेहतर निगरानी और जनसंपर्क मे सक्रिय भूमिका के लिए सम्मानित हो चुके हैं। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मिश्रा ने कहा की थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत की विभागीय कार्यों के साथ आम जनमानस के प्रति सेवा भाव को देखकर क्षेत्रीय लोगों मे कानून के प्रति विश्वास और भरोसा बढ़ा है। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने समिति के पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इसका पूरा श्रेय उनकी टीम को जाता है। सभी अधिकारियो से लेकर कांस्टेबल तक हर कोई बेहतर से बेहतर सेवा दे रहा है। सम्मान मिलने से बेहतर से बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है और साथ ही क्षेत्रीय जनता के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है। वहीं थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए दिन रात सजगता, कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए अपराध निरीक्षक रणजीत यादव, चौकी प्रभारी बाबागंज दीपक सिंह, आरक्षी आजाद सिंह को भी समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री जगराम वर्मा, संरक्षक सुभाषचन्द्र जैन, जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, उपाध्यक्ष मो. कौसर, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, अरुण सिंह, राम बरन वर्मा, शाहिद हुसैन, उमेश कुमार गौतम सहित कई समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



# बेंगलुरु से आ रही प्राइवेट बस में मिला नेपाली व्यक्ति का शव

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। बेंगलुरु से रुपईडीहा आ रही एक प्राइवेट बस (नंबर NL 07B 0560) में एक नेपाली व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग 6 बजे बस रूपईडीहा के राणा पेट्रोल पंप के पास पहुंची। सभी सवारियों के उतर जाने के बाद जब बस स्टाफ ने देखा कि एक यात्री नीचे नहीं उतरा तो उन्होंने उसे जगाने की कोशिश की। इस दौरान पता चला कि वह यात्री मृत हो चुका है। सूचना पर रुपईडीहा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान थल बहादुर ओली (45 वर्ष), पुत्र बल बहादुर ओली, निवासी कोहलपुर नगर पालिका वार्ड नंबर 13 जिला बांके राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई। मृतक की शिनाख्त के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजन में से मृतक का चचेरा भाई छन बहादुर ओली, पुत्र गंगा बहादुर ओली, निवासी कोहलपुर नगर पालिका वार्ड नंबर 14 जिला बांके राष्ट्र नेपाल थाने पहुंचा और प्रार्थना पत्र दिया। उसके आधार पर मामला पंजीकृत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेज दिया गया है।




# चोरों ने सेंध लगाकर उड़ाए नकदी व गहने

**24 घंटो में हुई दो गांवो में चोरी, क्षेत्र में दहशत के माहौल**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। थाना रुपईडीहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लख्या के मजरा गंगापुर निवासी हसराज पुत्र ननकु ने अपने साथ हुई चोरी की वारदात की तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ित के मुताबिक, 23 अगस्त 2025 की रात अज्ञात चोर घर में घुस आए और संदूक का ताला तोड़कर करीब 6500 रुपये नकद व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया कि जब सुबह वह उठा तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और तिजोरी का ताला टूटा हुआ था। हसराज ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की आशंका जताई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर 112 डायल पुलिस भी पहुंची और छानबीन की। पीड़ित ने थाना प्रभारी रुपईडीहा से गुहार लगाई है कि मामले की गहन जांच कर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और हमारा समान बरामद किया जाए। आपको अवगत कराते हुए चले कि 22 अगस्त को भी उस गांव के समीप कालिया पुरवा में भी चोरी हुई थी।



# गौरैया बाक्स भेंट कर दिया गौरैया संरक्षण का संदेश

## गौरैया संरक्षण के लिए अभियान चला रहे मिथिलेश

**मीडिया हाउस बाबागंज पहुंच बच्चों को भेंट किया गौरैया बाक्स**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौशर

रूपईडीहा, बहराइच। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुलरा के भज्जापुरवा निवासी गौरैया बचाओ अभियान चला रहे दिव्यांग आइकन मिथिलेश जायसवाल रविवार को बाबागंज मीडिया हाउस कार्यालय पहुंचे। वहां पर पक्षी प्रेमी शिवेन्द्र मिश्रा और आदर्श मिश्रा को गौरैया बाक्स भेंट कर गौरैया संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्हें गौरैया संरक्षण के बारे में टिप्स बताये। मीडिया हाउस के संस्थापक पत्रकार व समाजसेवी संतोष मिश्रा ने मिथिलेश जायसवाल द्वारा चलाए जा रहे गौरैया बचाओ अभियान की सराहना करते हुए कहा कि मिथिलेश दिव्यांग होते हुए भी गौरैया संरक्षण जैसा पुनीत कार्य कर रहे जो अतुलनीय है। गौरैया बाक्स पाकर आदर्श व शिवेंद्र दोनों बच्चे प्रसन्न नजर आए और उन्होंने गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं मिथिलेश जायसवाल ने बताया कि किसानों की हितैषी गौरैया को बचाने के लिए लोगों जागरूक करते हुए उन्हें गौरैया बाक्स उपलब्ध करा रहा हूं जिससे नन्ही गौरैया की संख्या में वृद्धि हो रही। इस मौके पर अच्छे लाल जायसवाल, रामबरन वर्मा, अरुण कुमार सिंह, रामदीन गौतम आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने खोई बालिका को परिजन के सुपुर्द किया

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 5 वर्षीय बालिका रोती बिलखती हुई उस समय पुलिस को मिली जब साप्ताहिक बाजार बाबागंज मे सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने हेतु गश्त कर रही थी। बच्ची ना तो अपना और ना ही माता-पिता का नाम बता पा रही थी और ना ही गांव का नाम। आरक्षी सुनील यादव ने बच्ची को अपनी गोद मे उठाया तो बच्ची चुप हों गई। बाबागंज चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने पहले तो बालिका को लेकर स्थानीय दुकानदानो से पूछताछ किया लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिली। बाद मे पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया। पुलिस द्वारा घंटो कड़ी मशक्कत के बाद बालिका के परिजनो की खोजबीन की गई और परिजनों को सुपुर्द करतें हुए चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने माता-पिता को बच्चें का ख्याल रखने की हिदायत भी दी। मिली जानकारी के मुताबिक बबलू किंगहरियन पुरवा (भगवानपुर) अपनी पत्नी सहित घर गृहस्ती का सामान खरीदने रविवार को कस्बा बाबागंज के साप्ताहिक बाजार आया हुआ था इसी दौरान 5 वर्षीय पुत्री पूनम भीड़भाड़ मे गुम हों गई थी।



# मालती नदी पर ग्रामीणों ने बनाया अस्थाई पुल

**विभाग ने दुर्घटना की आशंका में हटाने के दिए आदेश, बच्चों को लग रहा 10 किमी का चक्कर**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, टिकरिया गांव में मालती नदी पर एक महीने पहले निमार्णाधीन पुल का वैकल्पिक मार्ग तेज बहाव में बह गया। कार्यदायी संस्था द्वारा जलस्तर कम होने के बाद भी नया मार्ग नहीं बनाया गया। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने बांस-बल्ली का अस्थाई पुल बना दिया। वैकल्पिक मार्ग के बह जाने से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को 10-15 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। इससे विद्यार्थियों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यदाई संस्था के मुंशी को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक किसान ने बताया कि नदी के दूसरी तरफ उनके खेत हैं और खेती-बाड़ी में काफी दिक्कतें आ रही हैं। इसलिए मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीणों को बांस-बल्ली से पुल न बनाने की हिदायत दी गई थी। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए इस अस्थाई पुल को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जलस्तर कम होने पर नया वैकल्पिक मार्ग बनाया जाएगा।



# अस्पताल में युवक का सुसाइड

## पत्नी से बोला – सिर में दर्द है दुपट्टा दो, फिर लगा लिया फंदा; साली को देखने आया था

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , यूपी के जिला अलीगढ़ के थाना क्वार्सी इलाके के रामघाट रोड स्थित पण्डित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय के अंदर ग्रिल में फंदा डालकर युवक ने फांसी लगा ली। अस्पताल में फंदे से युवक का शव देख लटका देख लोगों में खलबली मच गई। सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक टीम और मृतक के परिजन आ गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। आत्महत्या का कारण पुलिस पता करने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, जनपद बुलन्दशहर के जहांगीराबाद का मूल निवासी अंशुल (35 साल) क्वार्सी क्षेत्र में परिवार के साथ किराए के मकान में रहता था। जबकि होली चौक में उसकी साली अनुपम का परिवार रहता है। अनुपम पेट दर्द और बुखार के चलते पण्डित दीनदयाल संयुक्त चिकित्सालय में 19 अगस्त को वार्ड 9 में भर्ती हुई थी। 21 अगस्त की रात्रि में अंशुल अपनी साली अनुपम का हाल चाल लेने हॉस्पिटल गया था। वहीं, उसने अपनी पत्नी से सिर में दर्द का बहाना बनाकर दुपट्टा ले लिया और देर रात्रि वार्ड के पास से आने जाने वाले रास्ते मे ग्रिल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी उस वक्त हुई जब हॉस्पिटल अस्पताल, मरीजों के तीमारदारों ने शव लटका देखा। सूचना कन्ट्रोल रूम को दी। इलाका पुलिस के अलावा फोरेंसिक टीम मौके पर गई। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर किये। इसके बाद शव फंदे से नीचे उतारकर पुलिस ने पंचायत नामा की कार्यवाही की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर, सीओ तृतीय सर्वम सिंह ने घटना की पुष्टि की है। मामले में अन्य पहलुओं पर पुलिस टीम जांच पड़ताल करने में जुटी है। वहीं, मौत की खबर से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। अंशुल के भाई राहुल ने कहा मेरे भाई को मारकर लटका दिया गया। आरोप है कि अंशुल की पत्नी का एक लड़के से अफेयर चल रहा था। भाई ने आरोप लगाया की उसने सुबह 7 बजे अपने ब्वायफ्रेंड से बात की थी और रात में ही मार दिया। राहुल का कहना है कि भाई के मरने के बाद आखिरी बार देखने भी नही आई। हमने पुलिस को तहरीर दी है मुकदमा हो गया है।



# बीमारी से परेशान बुजुर्ग महिला ने रामगंगा में लगाई छलांग

**जलालाबाद में मछुआरों ने बचाया, एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती कराया**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, कोलाघाट पर एक बुजुर्ग महिला ने रामगंगा नदी में छलांग लगा दी। मछली पकड़ने वालों ने तुरंत नदी में कूदकर महिला को बचा लिया। महिला की पहचान जय देवी (70) के रूप में हुई। वह ग्राम ढाका, तालुका उजेरा जलालाबाद की रहने वाली हैं। जय देवी कुष्ठ रोग जैसी एलर्जी से पीड़ित हैं। उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके दो बेटे हैं, जो बाहर नौकरी करते हैं।

आय का कोई साधन न होने और बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। मछुआरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया। उप जिलाधिकारी प्रभात राय ने घटना की जानकारी मिलने पर लेखपाल को जांच के लिए भेजा। जांच में पता चला कि महिला के दोनों बेटे बाहर नौकरी करते हैं। प्रशासन ने बेटों को सूचना भेज दी है। सरकारी स्तर पर महिला का इलाज कराया जा रहा है।



# ब्लॉक संरक्षक बनाए गए राजेश मिश्रा, शिक्षकों ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपदीय कार्यकारिणी द्वारा जिलामंत्री राजेश कुमार मिश्र को विकासखंड पयागपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का संरक्षक बनाया गया है। राजेश कुमार मिश्र वर्तमान में विकासखंड पयागपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरा कमाल शिवदहा में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पयागपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का संरक्षक बनाए जाने पर विकास क्षेत्र के शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र तथा जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी ने राजेश कुमार मिश्र को ब्लॉक संरक्षक बनाए जाने पर बधाई देने के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का विस्तार करने के सुझाव दिए। ब्लॉक संरक्षक बनाए जाने पर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रकेश यादव, ब्लॉक महामंत्री अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष उमाशंकर शुक्ल, विनोद गिरि जिला सह मीडिया प्रभारी समेत तमाम शिक्षकों ने बधाई दी।



# मणिमहेश कैलाश यात्रा से लौटा श्रद्धालुओं का दल

**13,385 फीट की ऊंचाई पर स्थित तीर्थस्थल गए, वापसी पर हुआ भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, हिमाचल प्रदेश की बुद्धिल घाटी में स्थित मणिमहेश कैलाश यात्रा से श्रद्धालुओं का दल सकुशल वापस लौट आया है। यह तीर्थस्थल भरमौर से 21 किलोमीटर दूर समुद्र तल से 13,385 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मणिमहेश कैलाश उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। मान्यता है कि भगवान शिव मणिमहेश के कैलाश शिखर पर निवास करते हैं। यह शिखर मणिमहेश झील से दिखाई देता है। यह यात्रा नवीं शताब्दी में शुरू हुई थी। राजा साहिल बर्मन को भगवान शिव का दर्शन प्राप्त हुआ था। उन्होंने ही मणिमहेश झील पर मंदिर की स्थापना करवाई थी। इस कठिन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को फिटनेस टेस्ट कराना अनिवार्य है। सेनजीत कसौधन दाऊ कैलाशी ने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार ने स्वच्छता के लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट को कड़ाई से लागू किया। रजनीश बरनवाल ने कहा कि यात्रा कठिन होने के बावजूद हर कदम उत्साह से भरा था। सुल्तानपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। पवन कुमार साव, सेनजीत कसौधन दाऊ, रवि कसौधन, रजनीश बरनवाल, सिंपल बरनवाल, अजय रावत, अंकित अग्रहरि, शैलेंद्र अग्रहरी, सत्यम बरनवाल, दुर्गेश मोदनवाल, शारदा मोदनवाल, शंकर लाल कैलाशी, आलोक सागर और अमित दीपू का पुष्पवर्षा के साथ अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।



## संक्षेप

### चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद, फैक्ट्री में दिया था चोरी की घटना को अंजाम**

गाजियाबाद, थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिट्टू (32) और राजीव (40) के रूप में हुई है। बिट्टू दिल्ली का रहने वाला है तो वहीं राजीव लोनी का रहने वाला है। थाना लोनी बॉर्डर पर वसुंधरा निवासी द्वारा तहरीर दी गई थी कि अज्ञात चोरों ने उसकी फैक्ट्री से अलग अलग तरह का सामान चोरी कर लिया है। इस तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। 22 अगस्त को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों की निशानदेही से 43 इंच की एलईडी टीवी, एसर व जेबस्टर कंपनी के कंप्यूटर टीएफटी, लुमिनस कंपनी का इन्वर्टर, एम-टेक पावर बैटरी, सात बंडल तार और घटना में इस्तेमाल एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया और बताया कि 17 अगस्त को उन्होंने मिलकर एक गोदाम से सामान चोरी किया था। चोरी किए गए माल को उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल से लाकर छिपा दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियुक्तों के विरुद्ध थाना लोनी बॉर्डर में मुकदमा पंजीकृत है तथा इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी भी जुटाई जा रही है। फिलहाल अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा जा रहा है।

### घर के अंदर बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**कैंसर पेशेंट की चारपाई पर मिली लाश, मौके पर पहुंची पुलिस**

मेरठ, रोहटा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी डेडबॉडी घर के अंदर कमरे में चारपाई पर पड़ी मिली है। बुजुर्ग के गले में गोली मारी गई है। मृतक कैंसर मरीज था उसका लंबे समय से इलाज चल रहा था। वहीं सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रोहटा थाना क्षेत्र के रोहटा गांव के कुटी मार्ग पर बृजवीर का मकान है। यहां बृजवीर उम्र 61 साल अपने परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार को बृजवीर की डेडबॉडी उनके घर में कमरे में रखी चारपाई पर पड़ी मिली है। उनके गले में गोली मारी गई है। बृजवीर के घरवालों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोग शायद गोली मारकर गए हैं। वहीं बृजवीर की उसके घर में ही हत्या की गई है। मृतक बृजवीर कैंसर पेशेंट थे। उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी चैक करने शुरू कर दिए हैं। मौके पर पहुंचे सीओ सरधना आशुतोष ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव कमरे में चारपाई पर मिले होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की है।

# रामबाग स्टेशन की दीवार गिरी, एक की मौत

## तेज बारिश से ढह गई, दो मजदूर दबे, एक की हालत नाजुक

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, रामबाग रेलवे स्टेशन की निर्माणधीन दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर जख्मी हो गया। दीवार बारिश की वजह से ढही। उस वक्त कई मजदूर दीवार के पास मौजूद थे। अचानक दीवार ढहने से दो मजदूर मलबे में तब गए। चीख पुकार मची तो अन्य मजदूरों, रेलवे कर्मचारियों ने मदद कर मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला। हालांकि हादसे में एक मजदूर ने दम तोड़ दिया था। जख्मी मजदूर को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। प्रयागराज का रामबाग रेलवे स्टेशन नार्थ ईस्ट रेलवे में आता है। यहां पुराने शहर की तरफ मकालराज मुहल्ले के पास रेलवे की नई दीवार तैयार हो रही है। पुराने निर्माण को हटाकर नया निर्माण किया जा रहा है। प्रयागराज में दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से अचानक दीवार ढह गई। हादसे में धर्मेंद्र बिंद पुत्र धनराज बिंद निवासी मलखानपुर थाना सराय इनायत प्रयागराज की मौत हो गई। जबकि अजय विश्वकर्मा पुत्र कृष्ण कुमार विश्वकर्मा निवासी उमरौडा थाना जेठवारा प्रतापगढ़ जख्मी है। जीआरपी इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय का कहना है कि मलबे में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हालांकि अभी तक किसी ने तहरीर नहीं दी है। मौके पर पूछताछ की गई है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहस्यमय हालत में लापता

## स्कॉर्पियो से निकले तो मोबाइल ऑफ हो गया, महिला से जुड़ रहा केस

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, एक पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव रहस्यम हालत में लापता हैं। वे स्कॉर्पियो गाड़ी से निकले थे। मोबाइल ऑफ है। अपहरण समेत अन्य आशंकाओं को लेकर परिवार वाले परेशान हैं। पुलिस ने सर्विलांस के साथ ही टीमों को जांच के लिए लगाया है लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गंगापार के नवाबगंज थाने की पुलिस जांच में जुटी है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर की पत्नी बबली यादव ने नवाबगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। बबली यादव वर्तमान में कौड़िहार वार्ड 46 नंबर से जिला पंचायत सदस्य हैं। पत्नी ने पुलिस को बताया कि रणधीर घर से निकले थे। इसके बाद से उनका मोबाइल आफ हो गया है। नवाबगंज थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर जांच की जा रही है। मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। मामले की जानकारी आला अफसरों को दी गई है। असल में पूर्व जिला पंचायत सदस्य का गाड़ी समेत लापता हो जाना रहस्य से भरा है। कहा जा रहा है कि कुछ दिन पहले णधीर अपने साथियों के साथ घूमने गए थे। वापस आने के बाद एक महिला ने आत्महत्या कर ली थी। इस घटना को लेकर कुछ लोग फेसबुक पर कई प्रकार की टिप्पणी कर रहे थे। सोशल मीडिया पर इसे लेकर कुछ बहस और कमेंटस भी हुए थे। हालांकि अनहोनी की आशंका को लेकर परिवार वाले परेशान हैं। पुलिस भी जिले के सभी थानों से संपर्क में है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

# मकान में घुसे चोर

## कुत्ते को नशीला पदार्थ खिलाया, लाखों के जेवर और नकदी ले गए

अमन लेखनी समाचार



बागपत, निवाडा गांव में चोरों ने एक मकान में धावा बोल दिया। चोरों ने मकान की सुरक्षा में तैनात कुत्ते को नशीला पदार्थ खिलाया और लाखों रुपए के जेवर व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक सतेंद्र ने बताया कि रात में चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने कीमती जेवर, नकदी और अन्य सामान चुरा लिया। मकान की छत पर रह रहे कुत्ते को भी नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। जब परिवार की नींद खुली तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बागपत में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को गंभीरता से कार्रवाई करते हुए जल्द चोरी की घटनाओं का खुलासा करना चाहिए। जब परिवार की नींद खुली तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बागपत में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

# एक्सप्रेस-वे पर हादसा, 3 की मौत

## चलते ट्रक में पीछे से घुसी वैगनआर, पुलिस कर्मियों ने बचाने के लिए ब्लड दिया

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक वैगनआर कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे से जा घुसी। हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि, 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी 6 लोग हरिद्वार से हरियाणा के फरीदाबाद जा रहे थे। राहगीरों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना दादरी क्षेत्र के अकबरपुर टोल प्लाजा के पास की है। वैगनआर कैब से 6 लोग हरिद्वार से हरियाणा के फरीदाबाद लौट रहे थे। गाड़ी ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दादरी के अकबरपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची थी। तभी तेलंगाना के ट्रक में पीछे से जा टकराई। गाड़ी का आगे का हिस्सा करीब-करीब पूरा ही ट्रक के अंदर चला गया। कार सवार बुरी तरह गाड़ी के अंदर दब गए। राहगीरों की सूचना पर दादरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार के हिस्सों को कटवाकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस सभी को हॉस्पिटल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने फरीदाबाद के कार चालक लोकेश और 31 वर्षीय गौतम समेत मथुरा निवासी गौरव को मृत घोषित कर दिया। घायलों में पलवल के ललित की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका इलाज चल रहा है। वहीं फरीदाबाद के हरविंदर और कुलदीप की हालत स्थिर बताई जा रही है। हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया कि घायलों का खून काफी बह चुका है। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए ब्लड की जरूरत है। दादरी थाने के पुलिस कर्मियों ने घायलों को बचाने के लिए अपना ब्लड भी दिया। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# यूरिया खाद पर अधिक कीमत वसूलने का मामला

## बागपत में किसानों ने किया हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार



बागपत, थाना बालैनी क्षेत्र के मवीकला गांव में स्थित खाद गोदाम पर किसानों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध यूरिया खाद के पैकेट पर निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली को लेकर था। किसानों का आरोप है कि सेल्समैन प्रत्येक पैकेट पर 3 से 4 रुपए अतिरिक्त वसूल रहा है। विरोध करने पर सेल्समैन खाद न देने की बात कह रहा है। इस स्थिति से नाराज होकर ग्रामीण और किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, यूरिया की मांग अधिक होने का फायदा उठाकर सेल्समैन मनमाने तरीके से खाद बेच रहा है। किसानों को यूरिया की तत्काल आवश्यकता के कारण वे मजबूरी में अधिक कीमत चुका रहे हैं। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। किसानों ने सेल्समैन को हटाने और अतिरिक्त वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला से लूट का प्रयास

- खेत में भैंस नहलाने जाते समय 5 बदमाशों ने किया हमला, किसानों को देख भागे

अमन लेखनी समाचार



बागपत, दोघट क्षेत्र में एक महिला के साथ लूट का प्रयास किया गया। कस्बा पट्टी भोजान की रहने वाली इकबाल जहां अपनी भैंस को नहलाने नलकूप की तरफ जा रही थी। इसी दौरान गन्ने के खेत से दो बदमाश निकले और उनके साथ छीना-झपटी करने लगे। जब महिला ने विरोध किया तो तीन और बदमाश खेतों से बाहर आ गए। सभी बदमाशों ने महिला पर हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे हासिम, हारून और असलम मौके पर पहुंच गए। किसानों को देखते ही बदमाश जंगल की तरफ भाग निकले। भागते हुए बदमाशों को दूर खेतों में काम कर रहे आशु और साजिद ने भी देखा। बदमाश महिला से कुछ लूट नहीं पाए। पीड़िता के पति हारून ने दोघट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नौकर ने तोड़ा मालिक का भरोसा

## 84 लाख का सोना और 6 लाख कैश चोरी कर ले गया, पुलिस ने पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, हाइराइज सोसाइटी के फ्लैट में करीब 90 लाख की चोरी हुई थी। ये घटना 16 अगस्त की है। पुलिस ने इस मामले में घर के नौकर को गिरफ्तार किया है। उसका नाम कृष्ण कुमार पांडेय (22) है। वह बिहार के भोजपुर का रहने वलाा है। इसके पास से चोरी किए गए 8 आयताकार सोने के 100-100 ग्राम के सिक्के बरामद हुए हैं। इसकी कीमत करीब 84 लाख रुपए है। इसके अलावा 5 लाख 71 हजार रुपए कैश बरामद किया गया है। इसके पास से एक अवैध चाकू भी मिला है। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सतीश सिन्हा सेक्टर-137 पैरामाउंट सोसाइटी में रहते हैं। सतीश पेशे से कारोबारी हैं। दो साल पहले घर में काम करने के लिए सतीश ने अपने ही गांव के जानने वाले कृष्ण कुमार को यहां बुला लिया। वो उनके भरोसे का था। दो साल से घर पर रहकर काम करता था। कई बार उसी के भरोसे घर छोड़कर गए। वापस जब आए हमेशा व्यवस्थित घर मिला। सतीश अपनी पत्नी के साथ किसी काम से बाहर गए थे। वहां से शाम को फ्लैट पर लौटे तो कमरे में अलमारी का ताला टूटा था। घर का सामान बिखरा था। अलमारी में रखा गोल्ड और कैश गायब था। बाहर गेट पर ताला लगा था। चाबी बताए गए स्थान पर मिली। लेकिन जब अंदर गए तो चोरी का पता चला। कृष्ण कुमार को कई बार फोन किया। पहले घंटी गई। बाद में फोन बंद हो गया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की। शिकायत मिलते ही पुलिस ने सर्विलांस सेल को एक्टिव किया और टीम बनाकर कृष्ण कुमार की तलाश शुरू कर दी।

चोरी करने के बाद माल ठिकाने लगाने की नीयत से वो वापस आया था। इस दौरान पुलिस ने जीएमआईटी पार्क के पास ग्रीन बेल्ट के गेट से उसको गिरफ्तार किया।

इसके कब्जे से 100-100 ग्राम की 4 सोने के सिक्के और 5 लाख 71 हजार कैश बरामद किया गया।

पुलिस ने बताया कि- जानकार होने की वजह से उन्होंने गांव से नौकर को बुलाया था। लेकिन उसने भरोसा तोड़ दिया। ऐसे में पुलिस वेरीफिकेशन करवाना अनिवार्य है। ताकि इस तरह की घटना से बचा जा सके।

# पत्नी की हत्या का खुलासा

## पहले गला दबाकर बेहोश किया, फिर चाकू से रेता; पति समेत सास-ससुर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार





मोदीनगर, गदाना गांव में तीन दिन पहले हुई विवाहिता शिवानी की हत्या के मामले में पुलिस ने पति जितेंद्र, सास शोभा और ससुर भीमसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पति की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू और मृतका का मोबाइल घर में टायर के नीचे से बरामद हुआ है। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना के अनुसार, जितेंद्र और शिवानी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रात को हुए झगड़े में जितेंद्र ने पहले शिवानी की पिटाई की। फिर गुस्से में उसका गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी ने चाकू से उसका गला रेत दिया। पेट में चाकू घोंपा और हाथों पर भी वार किए। शिवानी की शादी फरवरी 2022 में जितेंद्र के साथ हुई थी। वह मुजफ्फरनगर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामलीला टीला निवासी पंकज खिवालिया की बहन थी। सोमवार देर रात उसका खून से लथपथ शव बेडरूम में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने और चाकू से गला रेतकर हत्या की पुष्टि हुई है। पीड़िता के भाई पंकज की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# चाचा की हत्या का आरोपी पकड़ा

## शराब पीने के दौरान हुए झगड़े में ईंट से वार कर मारा, शव नाले में फेंका

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम उमेश उर्फ अर्जुन है, जिसकी उम्र 34 साल है। वह मूल रूप से अमेठी जिले के इन्दई गाँव का रहने वाला है और पिछले कुछ समय से गाजियाबाद के रिछपालपुरी इलाके में किराए के मकान पर रह रहा था। जानकारी के अनुसार आरोपी उमेश ने अपने दूर के चाचा राकेश के साथ शराब पी थी। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी और झगड़ा हो गया। नशे की हालत में उमेश ने पहले राकेश का सिर दीवार से जोर से पटका और फिर पास में रखी ईंट से कई वार कर दिए। हमले में राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या को छुपाने के लिए आरोपी ने शव को कंबल और चादर में लपेटकर कमरे के दीवान में छिपा दिया। देर रात लगभग तीन बजे उसने शव को घर के पीछे नाले में फेंक दिया और खुद वहां से फरार हो गया। इसके बाद उमेश कई दिनों तक हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा और फरीदाबाद जैसे शहरों में छिपता रहा। वह पुलिस की पकड़ से बचने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नहीं कर रहा था और छोटे-मोटे काम करके गुजारा कर रहा था। एसीपी कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस ने मैन्युअल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलेंस की मदद से आरोपी तक पहुँच बनाई। मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने उमेश को रेलवे रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट, खून से सना कंबल और तौलिये का टुकड़ा भी बरामद कर लिया है।

# पुलिस की मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

- दोनों पर 13 मुकदमे दर्ज हैं, चाकू और रॉड से करते हमला; पैर में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, राहगीरों से लूटपाट करने और विरोध करने पर चाकू और रॉड से हमला करने वाले दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया। वॉर्निंग देने के बाद भी बदमाश नहीं माने और फायर करने के लिए गन लोड करने लगे। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और बदमाशों पर फायर किया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना फेज-1 पुलिस सेक्टर-15ए के नाले से गोलचक्कर की ओर जाने वाले कट पर चेकिंग कर रही थी। सामने से स्कूटी पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को चेकिंग करता देख अपनी स्कूटी मोड़कर सेक्टर-14 के पीछे गंदे नालें की पटरी पर भगाने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा स्कूटी सवार व्यक्तियों का करीब 500 मीटर तक किया। हड़बड़ाहट में स्कूटी गिर गई। स्कूटी सवार बदमाशों ने फायर किया गया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम अनस और अमन पुत्र अजय हुई। इन दोनों पर करीब 13 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस इनको काफी दिनों से तलाश कर रही थी। इनके पास से दो तमंचा और चोरी की स्कूटी बरामद की गई।



पुलिस ने बताया कि दोनों एक साथ मिलकर ही घटना को अंजाम देते है। महंगे शौक पूरा करने के लिए ये लूटपाट की घटना करते है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा संगठन भारत का भव्य शपथ ग्रहण हुआ संपन्न

## बुंदेलखंड के विकास करने वालों का करें सहयोग:डॉ बाबूलाल तिवारी

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झांसी। राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा संगठन भारत गुरसरांय के नेतृत्व में शपथ ग्रहण सम्मान समारोह संपन्न हुआ जिसमें संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी महिला अध्यक्ष शगुन घोष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी उपस्थित रहे।विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर एम०एल० शर्मा,चैयरमैन गरौठा डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा,कैप्टन डॉ राजेश शर्मा,अंचल अरजरिया,उर्मिला पटैरिया,डॉ शेरपाल शर्मा,डॉ प्रवीण जौहरी,बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के महामंत्री दिनेश भार्गव,राष्ट्रीय प्रवक्ता सतीश चौरसिया,बसंत मोदी,अवधेश



दुबे अध्यक्ष मैनपुरी,रामनारायण पस्तोर,मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में वंदना मिश्रा राठ,डॉ प्रवीण जौहरी दिल्ली,डॉ देवी मंजूलता राजपूत को विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शकुन घोष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम० एल० शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड की धरती वीरों की भूमि है ।इसको अलग राज्य का दर्जा दिलाया जाए। शिक्षक विधायक डॉ बाबूलाल तिवारी ने कहा कि स्नातक विधायक के लिए बुंदेलखंड के लोग अपने बोट की ताकत दिखाएं,और बुंदेलखंड से स्नातक विधायक को चुनिए,जो बुंदेलखंड राज्य एवं बुंदेलखंड की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करें ।उन्होंने गरौठा चैयरमैन डॉ अरुण मिश्रा को बुंदेलखंड की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए भी कहा ।बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से दिनेश भार्गव द्वारा गरौठा चेयरमैन डॉ अरुण मिश्रा को बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं मण्डल अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा ने कहा कि बुंदेलखंड की संस्कृति पूरे विश्व में महान है ।जिसके लिए बड़े-बड़े वीरों ने जन्म लेकर बुंदेलखंड का नाम गौरवान्वित किया ।उन्होंने बुंदेली संस्कृति की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुति देकर कहा कि बुंदेलखंड की संस्कृति को सुरक्षित रखें ।संचालन सतीश चौरसिया एवं हृदेश खरे ने संयुक्त रूप से किया ।कार्यक्रम में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरविंद बादल,नीरज शर्मा,ज्योति बरसैया,हेमा,आदर्श द्विवेदी,पंकज कुशवाहा,साजेंद्र त्रिपाठी,दीपेंद्र त्रिपाठी,जयप्रकाश बरसैया,दीपेंद्र त्रिपाठी,सौरभ सौनकिया,आत्माराम फौजी,संतोष महते,सतीश भाई,अलख प्रकाश शर्मा,कपिल कोठारी,लल्लन माते,जयहिंद घोष,लखनलाल कुशवाहा,चंद्रशेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड में हरगोविंद कुशवाहा भाजपा को देते दिख रहे ऊर्जा

गुरसरांय में राष्ट्रीय मानवाधिकार सेवा संगठन भारत के कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश सहित बुंदेलखंड के बड़ी संख्या में साहित्यकार,शिक्षाविद से लेकर बड़ी संख्या में महिलाओं की फौज 24 अगस्त रविवार को गुरसरांय एक विवाह घर में जुटी जिसमें बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी और बुंदेलखंड प्रांत के लिए संघर्षरत एमएलसी प्रोफेसर बाबूलाल तिवारी सहित मध्य प्रदेश,बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों ने बुंदेलखंड प्रांत बनाने की जोरदार मांग रखी और बुंदेलखंड के प्रभाव विकास,संस्कृति को लेकर खाका खींचा यहां तक की सरकार को जल्द से जल्द बुंदेलखंड प्रांत गठन करने पर दिग्गज वक्ताओं ने माहौल में गर्म जोशी लाकर जय बुंदेलखंड के नारे लगाएं बाद में बतौर मुख्य अतिथि एडवोकेट हरगोविंद कुशवाहा का संबोधन हुआ तो उन्होंने अयोध्या के सीताराम चित्रकूट में रहकर और सीता मैया जनकपुरी से अयोध्या और अयोध्या से चित्रकूट में गुजारे समय और रामायण,गीता, वेद पुराणों के रचयिता सब के सब बुंदेलखंड की माटी से रहे हैं इसलिए बुंदेलखंड का महत्व पूरे देश में ही नहीं बल्कि विश्व में है क्योंकि झांसी रानी ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे तो महाराजा छत्रसाल और आल्हा-ऊदल समेत एक से बढ़कर एक उदाहरण की प्रस्तुति उन्होंने बुंदेली गायन से मंच पर दी और बुंदेली संगीतकार इस दौरान ढोलक,हरमोनियम तो दूसरी ओर रमतूला बज रहा था।मौके पर मौजूद कई सैकड़ो महिलाएं और सदन में मौजूद हजारों की संख्या में महिला,पुरुष यहां तक की विधान परिषद सदस्य कई बड़े साहित्यकार और प्रोफेसर से लेकर मीडिया के लोग उनका बुंदेली भाषा में बुंदेलखंड और देश की संस्कृति वीर योद्धाओं को बुंदेली गीत में सुनकर सब के सब मंत्र मुग्ध हो गए और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बुजुर्ग अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के अध्यक्ष राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा से मंत्र मुग्ध होकर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और बड़ी संख्या में राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत की महिलाओं ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और बाहर से आए अतिथि से लेकर पूरा सदन जब हरगोविंद कुशवाहा लोक गायन कर रहे थे तब सब के सब खड़े होकर उनका अभिवादन कर रहे थे तब लग रहा था योगी जी ने अपने पास अभी कई नगीने रखे हुए हैं।

## संक्षेप

### सुमेरपुर हरचंद तालाब का सुंदरीकरण बना मिसाल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर ।नगर पंचायत सुमेरपुर में हाल ही में हरचंद तालाब जो एक ऐतिहासिक तालाब था जिसका सुंदरीकरण करने से उस तालाब का नजारा देखने योग्य हुआ।सुमेरपुर नगर के चौतरफा विकास के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना था कि गांव और नगर के सभी तालाबों का सुंदरीकरण कराया जाए उनके सपने को सरकार करने के लिए सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने अपने नगर में हरचंद तालाब के सुंदरीकरण कराने का संकल्प लिया और आज उस तालाब में स्थानीय लोग देखकर यह महसूस करते हैं कि वास्तविक तालाब का शुद्धिकरण हुआ है इसी तालाब में हर वर्ष सुमेरपुर नगर में तीज महोत्सव कार्यक्रम के बाद नाग नाथने का कार्य कृष्ण भगवान की प्रतिमा के द्वारा कराया जाता है जिसमें आसपास के हजारों लोग उपस्थित होते हैं लेकिन इस बार तालाब का कुछ अलग ही नजर बनाया गया है जिसमें दर्शकों को बड़ी आसानी से नाग देवता के दर्शन मिल सकेंगे।

### आरएसएस का कुरारा खंड का अभ्यास वर्ग कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार

कुरारा। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरारा खंड का अभ्यास वर्ग कार्यक्रम संपन्न हुआ।स्थानीय विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुरारा खंड के अभ्यास वर्ग में जिला प्रचारक धनंजय ने आरएसएस के सभी अनुषांगिक संगठनों को शताब्दी वर्ष के विषय में संबोधित किया।विभाग संचालक गोपाल दास पालीवाल ने स्वयं सेवकों को ग्रामीण क्षेत्र में शाखा लगाने के लिए प्रेरित किया तथा लोगों को आरएसएस के संबंध में बताने के लिए प्रेरित किया। अभ्यास वर्ग में जिला शारीरिक प्रमुख उमाशंकर, जिला सह शारीरिक प्रमुख शुभम द्विवेदी, खंड प्रचारक सचिन, सह खंड कार्यवाह प्रद्युम्न, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, शारीरिक प्रमुख अमित सिंह, अंकित सेंगर, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## चोरी की बड़ी घटना का पुलिस द्वारा किया गया खुलासा : चार बैटरियों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 21/22 अगस्त 2025 की रात्रि में के0के0 अस्पताल ओड़ी, थाना अनपरा के सामने खड़े एक ट्रेलर एवं एक हाईवा वाहन से अज्ञात चोरों द्वारा कुल चार बड़ी बैटरियों की चोरी की गई थी।इस संबंध में वाहन स्वामी भोला सिंह (निवासी-आदर्शनगर, थाना अनपरा) द्वारा थाना अनपरा में तहरीर दी गई, जिस पर तत्काल थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-134/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचक द्वारा सुरागरसानी करते हुए मुखबिर की सहायता से अपराधियों की तलाश की गई। दिनांक 24 अगस्त 2025 को मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना अनपरा पुलिस टीम द्वारा कुबरी पहाड़ी काली माता मंदिर के पास से दो अभियुक्तों 01.उत्कर्ष कनौजिया पुत्र कृष्णा कनौजिया, 02. करण यादव पुत्र स्वर्गीय रमेश यादव निवासीगण-वार्ड संख्या 6, सुभाष नगर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र को एक मोटरसाइकिल पर दो चोरी की बैटरियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

## मूसलाधार बारिश से जरहा गांव का अस्थाई पुल बहा, आवागमन ठप

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत जरहा के टोला कोहरमारा सहित अन्य टोलो को जोड़ने वाला पुल चौबीस घंटे के लगातार हो रही वारिश के पानी बहाव के दबाव से टूट कर बह गया जिससे लोगों का आवागमन ठप हो गया।टोले के ग्रामीणों ने बताया कि बीते इसी बरसात में पुल टूट कर बह गया था जिसको ग्राम प्रधान लाखों रुपए खर्च कर ग्रामीणों के आवागमन के लिए पुल बनवाया था जो शनिवार की तेज हुई बारिश में टूट कर बह गया इससे ग्रामीणों का आवागमन ठप हो गया ।मुसीबत झेल रहे ग्रामीणों में इस समस्या को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त हैं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करवा कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया है। ग्रामीण सियाराम, कन्हैयालाल, रामलाल,राम जनम आदि ने बताया कि यह पक्का पुल डेढ़ माह पहले इसी बरसात में जोरदार हुई बारिश से नदी में आए उफान से पानी के दबाव में टूट कर बह गया था जिससे कोहरमारा,राजों,दिग्गुल सहित अन्य टोलो को आवागमन के लिए भारी मुसीबत झेलनी पड़ी थी आवागमन की परेशानी को देखते हुए ग्राम प्रधान ने लाखों रुपए खर्च करके दोबारा पुल का अस्थाई निर्माण करवाया था तब तक शनिवार की रात्रि हुई जोरदार बारिश से जरहा के अंजीर नदी में आए जल बहाव के उफान से टूट कर बह गया जिससे ग्रामीणों का आवागमन ठप हो गया अब ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करके अपने दैनिक कार्य को किसी तरह के पाएंगे ।ग्रामीणों का आरोप है कि शुरू के निर्माण में सरकारी धन का दुरुपयोग कर गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य करवाया गया जो बरसात के पानी बहाव को बर्दाश्त नहीं कर सका जिससे टूट कर बह गया दोबारा भी लाखों रुपए खर्च कर बनवाया गया था जो टूट कर बह गया बार बार टूट कर बनने का लाभ कार्य दाईं संस्थाओं के लोगों को यह दुधारू गाय साबित हो गई जो सरकारी धन इस पुल के निर्माण में बह जा रहा हैं साथ ही हजारों ग्रामीणों का आवागमन ठप होने से बहुत बड़ी मुसीबत ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है ।दो महीने के बरसात में यह पुल तीसरी बार टूट कर बह गया जो ग्रामीणों के मुसीबत का शबब बन गया है ।ग्रामीणों ने बार बार टूट कर बह रहे पुल के निर्माण कार्य की जांच कर जिलाधिकारी से कार्रवाई किए जाने की मांग किया है।

## विंध्याचल मंडल के 35 शिक्षकों का पीएम श्री रानी कर्णावती स्कूल में सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुरः नगर के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय रानी कर्णावती में उत्तर प्रदेश पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विंध्याचल मंडल के 35 राज्य एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों और शिक्षिकाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा और मझवा की विधायक श्रीमती शुचि मौर्य ने सम्मानित शिक्षकों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विधायक रत्नाकर मिश्रा ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण हैं, जो नई पीढ़ी को दिशा प्रदान करते हैं और बच्चों का भविष्य संवारते हैं। उन्होंने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन्हीं प्रयासों के कारण उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ है। मझवा विधायक श्रीमती शुचिस्मिता मौर्य ने शिक्षकों को भविष्य का निमार्ता बताते हुए उनके योगदान के लिए बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापक मधुरिमा तिवारी ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षकों का दायित्व भावी पीढ़ी को संवारना है,



जिसे वे पूरी लगन और मेहनत से निभा रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रेरित करने का संकल्प जताया। कार्यक्रम में मांडवी शरण द्विवेदी, अमरेश सिंह, उमाशंकर सिंह, बालकृष्ण दीक्षित, रविकांत दुबे, जाह्नवी तिवारी, नीतू यादव, स्वेता अग्रवाल, आशीष सिंह, दयानंद मिश्र सहित विंध्याचल मंडल के सभी सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे।

## रात में प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी सहित तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

### पुलिस ने तीनों आरोपियों को पुलिस के हवाले किया, एक युवक भागने में रहा सफल

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर,बिवांर।साथियों के साथ बाइक से रात में प्रेमिका से मिलने आए युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।रात में अंधेरे का फायदा उठाकर एक युवक भागने में सफल हो गया। तीन युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस थाना ले आई है। थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला की ससुराल जनपद महोबा में है। महिला की 18 वर्षीय पुत्री का महोबा की नई कलेक्ट्रेट के पीछे के कोलकठपुरवा मोहल्ला निवासी दीपक से प्रेम हो गया है।प्रेम प्रसंग के चलते दोनों फोन से एक दूसरे से बातचीत कर मुलाकात करते रहे। उसकी पुत्री अपने ननिहाल में कुछ दिन पहले आई। जहां शनिवार की रात दीपक बाइक से अपने एक साथी के साथ युवती के ननिहाल आ गया।रात को दोनों युवकों को संदिग्ध हालत में गांव में टहलते देख ग्रामीण एकत्र हो गए और दोनों युवकों को पकड़ लिया। प्रेमी युवक ने ग्रामीणों से प्रेमिका से मिलने आने की बात बताई।तभी प्रेमी का साथी रात में अंधेरे का फायदा उठाते भाग गया। वहीं प्रेमी युवक ने फोन से अपने दो अन्य साथियों को बुला लिया। ग्रामीणों ने तीनों युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि युवकों के परिजनों को फोन से जानकारी देकर बुलाया गया है। परिजनों के आने पर जांच का कार्य कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## थाना भरतकूप पुलिस टीम ने भैस व पड़िया चोरी के 02 अभियुक्तों को असलहा व पशु धन सहित किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट ।पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भरतकूप के मार्गदर्शन में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने भैस व पड़िया चोरी के 02 अभियुक्तों को चोरी की 02 अदद भैस व 02 अदद पड़िया सहित एवं 01 अदद तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 23.07.2025 को वादी राजेश कुमार



पुत्र स्व0 रामस्वरूप निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 22.08.2025 की रात्रि में समय करीब 12.30 बजे कुछ व्यक्ति हमारे घर के बाहर बधी 02 भैस व 02 पड़िया को डग्गा(पिकअप) में लादकर चोरी कर रहे थे । भैसो की आवाज व सोरगुल सुनकर हमारे पड़ोसी जाग गये ।सोर मचाये तो वह पिकअप गाड़ी से भैसो को लादकर भाग गये।इस सूचना पर थाना भरतकूप में मु0अ0सं0 303(2) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक भरतकूप द्वारा चोरी के अनावरण हेतु उ0नि0 रामकुमार को निर्देशित किया गया था।

दिनाँक 24.08.2025 उ0नि0 रामकुमार व उनकी टीम मुखविर की सूचना पर विश्वास कर बताये हुए रास्ते की ओर चल दिये,जैसे ही सड़क किनारे बनी पानी की टंकी के पास पहुंचे तो पिकअप गाड़ी खड़ी थी जिसमें पशु लदे हुए है, और जो 02 व्यक्ति मोटर साइकिल पर बैठे है, जो संदिग्ध लग रहे है।पुलिस टीम वाहनों के पास पुहंची तो मोटरसाइकिलों पर बैठे संदिग्ध व्यक्ति तथा पिकअप गाड़ी का चालक जिसमें 02 भैसे व 02 पड़िया लदे है।जिस पर रात्रि का समय होने के कारण मोटर साइकिल सवार भाग गये। पिकअप गाड़ी में बैठे दो व्यक्तियों को उ0नि0 रामकुमार व उ0नि0 अरविन्द सिंह द्वारा पकड़ लिया गया।पकड़े गये दोनों व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम 1. मो0 आरिफ शाह पुत्र मोसिन शाह निवासी शादीम दीनपुर थाना चिल्ला जनपद बांदा बताया जिसकी जामा तलाशी ली गयी तो पहने पैन्ट के बायी फैट से 01 अदद तमंचा 315 बोर,02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुआ। तथा दुसरे व्यक्ति ने अपना नाम 2.रामभवन पुत्र राम आधार निवासी भदेदू थाना बबेरू जनपद बांदा बताया । पकड़े गये व्यक्तियों से बरामद पिकअप नं0 वढ 90 अळ8969 में लदी 02 भैस व 02 पड़िया के बारे में पूछा गया तो बताये कि, हम चारो लोग मिलकर दिनांक 22.08.2025 की रात्रि में ग्राम मुकुन्दपुर से एक घर के बाहर बधी दोनों भैसे व पड़िया को चोरी कर पिकअप में लादकर ले गये थे। 03 व्यक्ति हमारे साथ थे जो मौके से भाग गये जिसका नाम 1. राधेश्याम पुत्र रामभवन निवासी ग्राम मुकुन्दपुर थाना भरतकूप 2.कालका पटेल पुत्र रामा निवासी आहार थाना बबेरू जनपद बादां 3.मनोज निवासी ग्राम पलरा थाना चिल्ला जनपद बांदा। आज हमलोग इन पशुओं को बेचने के लिए फतेहपुर जा रहे थे।

## सर्वम सेवा संस्थान द्वारा मिजार्पुर में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुरः सर्वम सेवा संस्थान ने आज ग्राम कठेरवा, सिखड़ ब्लॉक, जिला मिजार्पुर में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।इस शिविर में नेत्र रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, त्वचा रोग, और महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं।शिविर में लगभग 1500 मरीजों का इलाज किया गया, जिन्हें निःशुल्क चश्मा, निःशुल्क जांच, और निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।संस्था के संस्थापक संजय भट्टाचार्य और सचिव सूरज मौर्य ने बताया कि सर्वम सेवा संस्थान भविष्य में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा, ताकि डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से ग्रामवासियों को राहत मिल सके।

## पुलिस अधीक्षक ने किया बीजपुर थाने का निरीक्षण,दिए आवश्यक निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा ने शनिवार की शाम बीजपुर थाने का निरीक्षण किया ।अर्दली रूम निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत सर्किल के समस्त थानों पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जन शिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने और विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये ।इसके अतिरिक्त अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों तथा वारंटियों की गिरफ्तारी करने आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने थाना के माल का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

## अस्थाई गौशाला में बंद दुधारू गोवंश छुड़ाने के लिए पशुपालक परेशान

### नगर पंचायत अध्यक्ष के सख्त रुख के चलते नहीं छोड़े जा रहे मवेशी

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर। तीजा मेला के मद्देनजर नगर पंचायत ने फैक्टरी एरिया में अस्थाई गौशाला बनाकर बेसहारा गोवंश को संरक्षित किया है। इनमें तमाम गोवंश पशुपालकों के हैं। जो खुला छोड़ देते हैं।उनको बाहर कराने के लिए पशु पालक नगर पंचायत के चक्कर लगा रहे।लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष की सख्ती के चलते गोवंश बाहर नहीं आ रहे हैं। कस्बे के ऐतिहासिक तीजा मेला में किसी तरह का व्यवधान न उत्पन्न हो सके इसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने पुख्ता इंतजाम कराए है। बेसहारा गोवंश को संरक्षित करने के लिए कान्हा गौशाला के अलावा फैक्टरी एरिया में अस्थाई गौशाला बनाया है। यहां पर सड़कों में छुट्टा घूमने वाले गोवंश संरक्षित कराया गया है।इसमें तमाम गोवंश कस्बे के पशु पालकों के हैं। जिन्होंने इनको खुला छोड़ रखा था।गोवंश बंद होने पर यह लोग नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काटकर बाहर कराने की जुगत में है। लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष के सख्ती के चलते गोवंश बाहर नहीं आ रहे हैं।अध्यक्ष ने कहा कि बेसहारा गोवंश को लेकर प्रशासन सख्त है।इसलिए खुला गोवंश छोड़ने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

## शिवराम हरि राजगुरु की जयन्ती पर संस्था के अध्यक्ष द्वारा ने श्रद्धासुमन अर्पित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर।देशभक्तों की देश के प्रति समर्पण के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेमिसाल देशभक्त शिवराम हरि राजगुरु की जयन्ती 24 अगस्त पर संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि राजगुरु वास्तव में एक देशपरायण क्रांतिकारी थे, इनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है,इनका जन्म 24अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा गांव में हरिनारायण और पार्वती देवी के घर ब्राह्मण परिवार में जन्म हुआ था, प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद इनका चन्द्रशेखर आजाद और भगतसिंह जैसे महान क्रांतिकारियों से भेंट हो गई थी, ये पूरी तरह से क्रांतिकारी हो गये थे,1928 में भारत में साइमन कमीशन आया था,जिसका पूरे देश में विरोध हुआ था,लाला लाजपत राय के नेतृत्व में भीषण विरोध हुआ था,इस गोरे सुरक्षा कर्मियों ने उन पर लाठियां बरसाई थीं,फलत लाजपतराय का निधन हो गया था, भगतसिंह और उनके साथियों ने लाला जी की मौत का बदला लेने का निर्णय किया,1928 में सान्डर्स का वध कर दिया गया, जिसमें शिवराम हरि राजगुरु भी शामिल थे, भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च 1931को लाहौर में फांसी पर चढ़ा दिया गया, कार्यक्रम में सिद्धा, महावीर, महावीर प्रजापति अवर अभियंता, प्रेम,सागर, प्रिन्स, कमलेश सोनकर, रामनारायन सोनकर, विकास, दस्सी और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# भगवान गणपति के प्रसिद्ध-भव्य मंदिर



विशेषः गणेश चतुर्थी

गणेश चतुर्थी से पूरे देश और विशेषकर महाराष्ट्र में गणेशोत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। सामाजिक और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक इस उत्सव का ऐतिहासिक महत्व भी कम नहीं है। यहां इसके शुभ मुहूर्त और पूजन के बारे में भी बता रहे हैं।

आवरण कथा

रजनी अरोड़ा





भारतीय धार्मिक परंपराओं में भगवान गणेश का स्थान सभी देवताओं में सर्वप्रथम पूज्यनीय माना जाता है। प्रतिवर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित भगवान गणेश के मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। इनमें से कुछ भव्य-प्रसिद्ध मंदिरों के बारे में यहां बता रहे हैं।

## श्री सिद्धिविनायक मंदिर (मुंबई) महाराष्ट्र

**यह भारत** में गणेश जी के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर का निर्माण 1801 में लक्ष्मण विठु और देउबाई पाटिल ने कराया था। इस मंदिर में गणपति बप्पा की प्रतिमा को काले पत्थर पर तराश कर बनाया गया है और गणपति जी अपनी दोनों पत्नी रिद्धि-सिद्धि के साथ यहां विराजमान हैं। पहले सिद्धिविनायक मंदिर की मूल संरचना काफी छोटी थी, लेकिन बाद में इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया। आज यह मंदिर पांच मंजिला बन चुका है। यहां गणेश जी को सिद्धिविनायक कहा जाता है, क्योंकि उनकी मूर्ति की सूंड़ दाईं ओर मुड़ी हुई है और सीधी पेट से जुड़ी हुई है। गणेशजी को नवसाचा गणपति भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं, तो वह अवश्य प्राप्त होता है। यहां रोजाना लाखों की संख्या में भक्त गणपति बप्पा के दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रांगण में एक अस्पताल भी है, जहां लोगों का मुफ्त इलाज किया जाता है। इसके अलावा मंदिर में रसोईघर, प्रवचन मंडप और गणेश संग्रहालय भी हैं। *



## उच्ची पिल्लैयार मंदिर तमिलनाडु

**तिरुचिरापल्ली के** रॉकफोर्ट के शिखर पर यह मंदिर स्थित है। पल्लवों द्वारा चट्टान को काटकर निर्मित कराए गए इस मंदिर की शैल वास्तुकला अद्भुत है। इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी हुई है। रावण को पराजित करने के बाद भगवान राम ने विष्णु जी की एक मूर्ति विभीषण को लंका ले जाने के लिए दी थी। देवी-देवता ऐसा नहीं चाहते थे। इसलिए गणेश जी ने एक ग्वाले का रूप लिया और विभीषण को मूर्ति लंका ले जाने से रोका। विभीषण ने क्रोधित होकर उस ग्वाले के सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर पर एक निशान पड़ गया। उसके बाद गणेश जी अपने असली रूप में आए। विभीषण ने उनसे माफी मांगी। आज भी इस मंदिर में स्थापित प्रतिमा के सिर पर एक निशान है। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 417 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। यहां रोजाना भगवान गणेश की 6 आरतियां की जाती हैं। 10 दिन का गणेश चतुर्थी उत्सव यहां बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। *

## कनिपक्कम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश

**चित्तूर में** स्थित कनिपक्कम विनायक, गणपति का एक विशेष मंदिर है। यह मंदिर नदी के बीचों-बीच स्थित है। इस मंदिर को 11वीं सदी में चोल राजा कोलोत्तुम चोल प्रथम ने बनवाया था। बाद में 14वीं सदी के प्रारंभ में विजयनगर साम्राज्य के शासकों ने इस मंदिर का विस्तार कराया। यह मंदिर अपनी प्राचीन शिल्प कला और खूबसूरत डिजाइन के लिए विख्यात है। यहां गणेश जी की मूर्ति स्वयंभू (स्वतः प्रकट) है। लेकिन पिछले कई सालों से चमत्कार स्वरूप इस मंदिर में भगवान गणेश की मूर्ति के पेट और घुटने का आकार लगातार बढ़ रहा है। यहां ब्रह्मोत्सवम और गणेश चतुर्थी का उत्सव 21 दिनों तक चलता है। इस मंदिर को पानी के देवता का मंदिर भी कहा जाता है। तिरुपति मंदिर से 75 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर में भक्त प्रथम पूज्य गणेश के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। मान्यता है कि यहां पवित्र जल में डुबकी लगाने से सभी समस्याओं का समाधान हो जाता है। *





## रणथंभौर त्रिनेत्र गणेश मंदिर राजस्थान

**यह मंदिर** राजस्थान प्रांत में सवाई माधोपुर जिले में स्थित है, जिसे 10वीं सदी में रणथंभौर के राजा हमीर ने बनवाया था। यह विश्व धरोहर में शामिल रणथंभौर दुर्ग के भीतर बना है। यहां गणेश जी को रणतभंवर रणक भंवर नाम से भी जाना जाता है। पूरी दुनिया में यह ऐसा अनूठा मंदिर है, जहां गणेश जी की मूर्ति का रंग नारंगी है और अपने पिता शिवजी के समान तीन नेत्रों को धारण करके विराजमान हैं। इसकी एक और खासियत है कि यहां भगवान गणेश के पूरे परिवार को स्थापित किया गया है। इसमें गणेश जी अपनी दोनों पत्नियों रिद्धि-सिद्धि और पुत्रों शुभ-लाभ के साथ शोभायमान हैं। पौराणिक मान्यता है कि हजारों साल पहले भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का निमंत्रण-पत्र इस मंदिर में भेजा गया था। तब से यह मंदिर भगवान को निमंत्रण-पत्र भेजने के लिए मशहूर है। स्थानीय लोगों के घर जब कभी शादी-ब्याह जैसा कोई मंगल कार्य होता है, तो वो सबसे पहले गणेश जी के नाम कार्ड भेजना नहीं भूलते, यानी अपना न्यौता रणथंभौर के गणेश मंदिर में देते हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यहां हर साल भव्य गणेश मेला भी लगता है। *



## बड़े गणेश जी का मंदिर म.प्र.



**मध्य प्रदेश** के उज्जैन में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के पास स्थित बड़े गणेश जी का यह भव्य मंदिर है। इस मंदिर में स्थापित गणपति जी की प्रतिमा विश्वभर में स्थापित विशाल मूर्तियों में से एक है, जिसका निर्माण महर्षि गुरु महाराज सिद्धांत वागेश पं. नारायण जी व्यास ने करवाया था। गणपति बप्पा की इस मूर्ति में सीमेंट के बजाय गुड़ और मेथी दानों के साथ ईंट, चूने और रेत का प्रयोग किया गया है। मूर्ति को बनाने में सभी पवित्र तीर्थ स्थलों का जल और सात मोक्षपुरियों-मथुरा, द्वारिका, अयोध्या, कांची, उज्जैन, काशी और हरिद्वार से लाई हुई मिट्टी भी मिलाई गई है। इस वजह से इस मंदिर की मान्यता और बढ़ गई है। *

## बाल गणपति मंदिर गोवा



**गोवा के** पोंडा में स्थित यह मंदिर भगवान गणेश के बाल स्वरूप को समर्पित है। जहां उनकी पूजा छोटे बच्चे के रूप में की जाती है। मंदिर का वातावरण अत्यंत शांत और भक्तिमय है, जो भक्तों को अलग तरह का आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। मंदिर की वास्तुकला गोवा की पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का सुंदर समायोजन है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक दर्शन के लिए आते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से जीवन में आने वाले संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर यहां विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है। *

# सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रतीक है गणेशोत्सव



पर्वोल्लास / आर.सी. शर्मा

गणेश चतुर्थी यानी देशभर में मनाया जाने वाला गणेशोत्सव का पर्व महज धार्मिक पर्व भर नहीं है। यह हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का एक मजबूत प्रतीक भी है।

**प्रतिमा स्थापना-पूजनः** गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बड़ी धूमधाम से गणपति प्रतिमाओं की स्थापना होती है। इस साल 26 अगस्त 2025 की दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 27 अगस्त 2025 की रात तक गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त है। इस तरह दो दिन से लेकर 10 दिन तक मनाए जाने वाले गणेशोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त 2025 से होगी। इस साल 27 अगस्त को गणपति स्थापना के बाद 6 सितंबर 2025 यानी अनंत चतुर्दशी के दिन तक यह पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गणपति विसर्जन होगा।



**अगर कर रहे प्रतिमा स्थापितः** गणेश पुराण के मुताबिक गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भक्तगण इस दिन अपने घरों या सार्वजनिक पूजा स्थलों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। अगर आप पहली बार अपने घर में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिन गणेश प्रतिमाओं में उनकी सूंड़ बाईं तरफ होती है, ऐसी प्रतिमाओं को घर लाना शुभ माना जाता है। अगर इस बार आपका पहला गणपति स्थापना उत्सव है, तो अपने घर बैठी हुई प्रतिमा ही लाएं, जो सुख, समृद्धि का प्रतीक होती है। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना हमेशा ईशान कोण में करनी चाहिए।

गणपति प्रतिमा स्थापना काठ की चौकी पर करना सबसे पवित्र होता है। लेकिन इस चौकी में गणपति स्थापना के पहले इसकी गंगा जल से पवित्र कर लेना चाहिए। गंगा जल और पंच द्रव्यों से चौकी की धुलाई करने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश को प्रतिस्थापित करना चाहिए। ध्यान रखें, आपकी स्थापित मूर्ति में गणेश जी का हाथ आशीर्वाद देती मुद्रा में होना चाहिए और उनके दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।

**महाराष्ट्र का भव्य पर्वः** यूं तो पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व खूब धूम-धाम से मनाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर देश में सबसे ज्यादा उल्लास होता है। हो भी क्यों न, आखिर आधुनिक गणेश उत्सव की शुरुआत सन 1893 में महाराष्ट्र से ही हुई थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेश चतुर्थी के पर्व को आधुनिक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया और इस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध देशवासियों को सामाजिक एकता के जरिए एकत्रित किया। आज का गणेशोत्सव बहुत कुछ उसी दौर की परंपरा का विस्तार है। यहां गणेशोत्सव सामुदायिक भावना, संगीत, नृत्य, कला, अनुराग और मिलन का इंद्रधनुषी पर्व बन चुका है। इसलिए महाराष्ट्र में यह पर्व धार्मिकता से बढ़कर पहचान और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव का रूप ले चुका है। हालांकि महाराष्ट्र में भी यूं तो गणेशोत्सव हर गली, हर घर और हर मुहल्ले में किसी न किसी रूप से मनाया जाता है। लेकिन मुंबई और पुणे ये दो ऐसे शहर हैं, जहां गणेशोत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई और पुणे में यह पर्व उत्सव की धूम के साथ-साथ हर साल बढ़ती भव्यता के रूप में भी देखा जाता है। महाराष्ट्र राज्य में गणेशोत्सव को राज्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसलिए यहां सिर्फ घरों में ही नहीं मैदानों और सोसाइटीज में भी गणपति के भव्य पंडाल लगाए जाते हैं और अगले दस दिनों तक पूरे राज्य में गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते हैं। महाराष्ट्र का भव्य गणेशोत्सव आज न सिर्फ भारत में, विदेशों में भी अपनी पहचान कायम कर चुका है।

**मुंबई-पुणे की प्रसिद्ध गणेश पूजाः** मुंबई में लालबागचा का राजा यानी लाल बाग में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमा का उत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। लालबाग के पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद यहां महाराष्ट्र और देश-विदेश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि लालबागचा के राजा यानी नौ साझा गणपति का एक बार दर्शन भर कर लेने से मनोकामना पूरी हो जाती है। इसलिए मुंबई के लालबाग इलाके में स्थापित गणेश प्रतिमा के इस पूरे उत्सव के दौरान करोड़ों भक्त दर्शन करते हैं। लालबाग के बाद मुंबई में गिर गांव चौपाटी और केतवाड़ी, सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित होने वाले गणेश पंडाल सबसे ज्यादा भव्य होते हैं, जहां हर दिन गणपति के दर्शन के लिए लाखों भक्त आते हैं।

मुंबई के बाद कुछ विशेष गणेश पंडालों के आकर्षण का यह जलवा पुणे शहर में भी दिखता है। विशेषकर यहां दगड़ु सेठ हलवाई गणपति टेंपल और तुलसी बाग गणपति का जिक्र होता है। पूरे महाराष्ट्र भर से ही नहीं देश के विभिन्न स्थानों से भी इन पंडालों में गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग आते हैं। *

### गजल

अवतार सिंह अक्षरजीवी

जितना लिखा था नसीब में उतना मिल गया
थोड़ा रह गया प्यार थोड़ा मिल गया
जिंदगी के पहाड़ पर चढ़ते-चढ़ते मुझे
कभी सहारा मिला कभी धक्का मिल गया
सुख-दुख का मुझसे हिसाब नहीं होता
कितना नहीं मिला कितना मिल गया
मुझे हर इंसान, इंसान जैसा ही मिला
पहले भरोसा मिला फिर धोखा मिल गया
मैंने खुद को सोचने की छूट ज्यादा क्या दी
मुझे डर और चिंताओं का काफिला मिल गया
कभी ऐसा सोऊं कि फिर जागूं ही नहीं मैं
अंधेरा कट जाए लगे कि सवेरा मिल गया

लघुकथाएं

## एक अकेला

सेवानिवृत्त अध्यापक आत्माराम जी हर मौसम में अपने साथ छाता लिए बिना घर से बाहर नहीं निकलते। छाता और आत्माराम मानो एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। पीठ पीछे कुछ लोग उन्हें छाताराम, छतरीवाला, अंब्रेला मैन कह कर हंसी उड़ाते हैं। आत्माराम जी के घनिष्ठ मित्र चतुरमल ने उन्हें एक बार समझाने की कोशिश की तो वह बोले, 'देखो भाई, लोगों द्वारा पीठ पीछे खिल्ली उड़ाने के कारण मैं अपनी सेहत से समझौता नहीं कर सकता। धूप में बिना छाते के चलने पर त्वचा झुलस जाती है, लू लगने का खतरा रहता है। बारिश के मौसम में भीगकर सर्दी-जुकाम होने का डर रहता है। लोगों की परवाह किए बिना अपनी पसंद की वेशभूषा पहनना, घूमना-फिरना और रहना चाहिए।' आत्माराम की बात के आगे चतुरमल चुप रह गए।



आत्माराम जी को एक विवाह समारोह में शामिल होना था। उन्होंने नए कपड़े पहने। छाता लेकर घर से निकलने लगे तो पत्नी शांति ने उन्हें टोका, 'नए कपड़े के साथ पुराना छाता टाट में पैबंद लग रहा है। अभी तो पानी भी नहीं बरस रहा है। काहे छाता लेकर जा रहे हो?'

'आजकल बारिश का कोई भरोसा नहीं होता है। नवंबर, दिसंबर और मार्च, अप्रैल में भी पानी गिरते देखा है। अभी तो अगस्त का महीना है।' आत्माराम ने पत्नी को जवाब दिया और प्रतिक्रिया जाने बिना घर से निकल गए।

आत्माराम जी को विवाह समारोह में पीठ पीछे यूं छाता लटकाए देखकर कुछ लोग मुस्कुराए। कइयों ने अपनी हंसी को मुश्किल से रोका। आत्माराम सभी से आत्मीयता से मिले। वर-वधु को आशीर्वाद दिया। भोजन किया। इतने में बारिश होने लगी। जो लोग कार में आए थे, वे सब निश्चिंत दिखे। बाकी लोगों के पास बरसात थमने की प्रतीक्षा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। आत्माराम ने अपना छाता खोला और बेफिक्र होकर अपने घर की ओर चल पड़े। वो लोग जो, अभी कुछ देर पहले उन पर हंस रहे थे, उन्हें देखते रह गए। *

-अशोक वाधवाणी

## नाक का सवाल!

आज गुप्ता परिवार में विवाह की पचासवीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी थी। इस अवसर पर लगभग सभी रिश्तेदारों को बुलाया गया।

'बड़े भैया नहीं आए अभी तक... काफी देर हो चुकी है।' गुप्ता जी ने अपनी पत्नी से कहा।

'आ जाएंगे... थोड़ा और इंतजार कर लीजिए।' पत्नी ने जवाब दिया।

उसी समय बड़े भैया ने समारोह स्थल पर पैर रखे। नशे में चूर, उनके कदम लड़खड़ा रहे थे।

'भैया आपने शराब पी रखी है, आपने तो जीवन में कभी शराब को छुआ तक नहीं... और आज...!' गुप्ता जी ने उन्हें संभालते हुए पूछा।

'अरे तुमने मेरा दिल जलाया है.. दिल... नाक कटवा दी मेरी... जब मैंने अपने विवाह की पचासवीं वर्षगांठ नहीं मनाई तो तुमने क्यों मनाई... मुझे नीचा दिखाने के लिए। लोग क्या कहेंगे कि बड़ा भाई कंजूस.. मक्खीचूस निकला।' बड़े भैया ने लड़खड़ाती आवाज में जवाब दिया।

'अरे भैया न दिल जलाया आपका और न ही नाक कटी आपकी। बल्कि आपकी नाक रख ली मैंने। आज आपकी ही तो शादी की सालगिरह है। वहां देखिए, भाभी जी बन-संवर के आपकी प्रतीक्षा कर रही हैं।' गुप्ता जी ने स्टेज की तरफ इशारा किया। बड़े भैया ने जैसे ही स्टेज पर अपनी पत्नी को देखा, उनका नशा छू-मंतर हो गया। उनके मुंह से निकला, 'भाई हो तो ऐसा...!' *


-गोविंद भारद्वाज



पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## दिल्ली मेट्रो की कहानी

दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोग ही नहीं, देश-विदेश से यहां आने वाले लोग भी दिल्ली मेट्रो में सफर करने पर इसकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाते हैं। वास्तव में पिछले लगभग तेईस वर्षों से दिल्ली मेट्रो, यहां की लाइफलाइन की भूमिका बखूबी निभा रही है। इसकी परिकल्पना, इसकी शुरुआत, इसकी विशेषतओं और फिर निरंतर इसके होते विस्तार की यात्रा-कथा को आंकड़ों, चित्रों और विवरणों के जरिए ऋषिराज ने बहुत सलीके से 'दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो' पुस्तक में संजोया है। मेट्रो मैन के नाम से विख्यात दिल्ली मेट्रो के कर्णधार ई. श्रीधरन की उपलब्धियों और उनकी कार्यकुशलता के बारे में भी पुस्तक में एक अध्याय है। इसके अलावा लंदन मेट्रो, पेरिस मेट्रो, टोरंटो मेट्रो और न्यूयॉर्क मेट्रो जैसी विदेशी मेट्रो सेवाओं से दिल्ली मेट्रो का तुलनात्मक विवरण भी दिलचस्प है। इस किताब में दिल्ली मेट्रो के आय के स्रोत, इसकी पर्यावरणीय संवेदनशीलता और इसके बारे में अति विशिष्ट लोगों के अनुभवों को भी अलग-अलग अध्यायों में संकलित किया गया है। डीएमआरसी में एजीएम (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत लेखक ने अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी कुछ मधुर स्मृतियों को भी रोचक शैली में पुस्तक में दर्ज किया है। *




**पुस्तकः** दिल्ली की जीवनरेखाः दिल्ली मेट्रो,
**लेखकः** ऋषि राज, **मूल्यः** 460 रुपए,
**प्रकाशकः** नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत